
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



अभिनय ही नहीं, .......



उड़ाया था मजाक......

वर्ष : 11 | अंक : 316 | लखनऊ, 07 नवम्बर, शुक्रवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## प्रधानमंत्री ने भागलपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लालू परिवार और गांधी परिवार पर साधा निशाना

# राजद वाले 'जंगल राज पाठशाला' में सिखाते हैं अपहरण, फिरौती और रंगदारी: पीएम मोदी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भागलपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजद पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में राजद के सदस्यों को 'जंगल राज पाठशाला' में प्रशिक्षित किया गया है, जहां उन्होंने ए से अपहरण, एफ से फिरौती, आर से रंगदारी सीखा है। उनके स्कूल में पी से परिवारवाद, जी से घोटाला सिखाया जाता है। राजद का ककहरा कट्टा, कटुता, क्रुरता, कुशासन, भ्रष्टाचार और कुशासन है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे दावा किया कि पिछले कुछ महीनों से, कांग्रेस नेता दावा कर रहे हैं कि उनकी पार्टी बड़ी है और राजद बस एक छोटा सा सहयोगी है। लेकिन राजद ने कांग्रेस के इस अहंकार को चुनौती दी है, उनके 'नामदार' के अहंकार को चुनौती दी है और कांग्रेस के सिर पर बंदूक तानकर, उन्होंने मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवारी छीन ली है। अब, कांग्रेस के लोग राजद से बदला लेने की तैयारी कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने लालू यादव के परिवार और राहुल गांधी के परिवार को दो सबसे भ्रष्ट परिवार करार दिया और कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत राशि उनके बैंक खाते में जाती। प्रधानमंत्री ने कहा कि कल्पना कीजिए कि अगर बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार और देश का सबसे भ्रष्ट परिवार, दोनों ज़मानत पर बाहर, सत्ता में होते, तो यह पैसा कांग्रेस और राजद नेताओं के ख़जाने में जाता, न कि दोनों बहनों के खातों में। अपने चुनावी भाषण में, प्रधानमंत्री मोदी ने भागलपुर के



लिए एनडीए सरकार के फोकस बिंदु को भी रेखांकित किया और पर्यटन एवं परिवहन पर विशेष जोर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को 'नामदार' बताते हुए दावा किया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता कभी बिहार आना ही नहीं चाहते थे। उन्होंने कहा, कांग्रेस के 'नामदार' काफी समय से गायब हैं। लोग कहते हैं कि वह बिहार आना ही नहीं चाहते थे, उन्हें जबरन यहाँ लाया गया था। लेकिन अब वे राजद को ही नुकसान पहुंचा रहे हैं। जो लोग सत्ता के स्वार्थ के लिए अपने ही साथियों को धोखा दे सकते हैं, वे कभी बिहार के शुभचिंतक नहीं हो सकते।

## अमित शाह ने राहुल की 'मतदाता अधिकार यात्रा' को 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' बताया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को संरक्षण और पनाह देने का आरोप लगाया है। बिहार के बेतिया में बृहस्पतिवार को एक चुनावी सभा में अपने भाषण के दौरान शाह ने राहुल गांधी पर भी तीखे कटाक्ष किए। शाह ने राहुल की 'मतदाता अधिकार यात्रा' को 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बार-बार के बयानों और प्रेस कॉन्फ्रेंस के बावजूद, भाजपा देश से हर घुसपैठिए को निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस अभियान का एजेंडा

### बिहार के बेतिया में कहा, भाजपा देश से हर घुसपैठिए को निकालने के लिए

बांग्लादेशी घुसपैठियों को भारत की मतदाता सूची में बनाए रखना है। अमित शाह ने कहा, मुझे बताइए कि हमें बांग्लादेशियों के नाम मतदाता सूची से हटाने चाहिए या नहीं? चार महीने पहले राहुल बाबा ने 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' शुरू की थी और कहा था कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को हमारी मतदाता सूची में बने रहना चाहिए। मैं पूछना चाहता हूं क्या बांग्लादेशी घुसपैठियों को यह तय करना चाहिए कि मुख्यमंत्री कौन होगा? राहुल गांधी चाहे जितनी भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लें, भाजपा देश से हर घुसपैठिए को निकालने का काम करेगी।

शाह ने कहा कि आज बिहार का पहले चरण का मतदान हो रहा है, दूसरे चरण का मतदान 11 तारीख को होगा। मैं पूरे बिहार में घूमता-घूमता रामनगर आया हूं। 14 तारीख को सुबह 8 बजे मतगणना होगी और 11 बजते-बजते लालू और राहुल की पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए प्रचंड बहुमत के साथ फिर से एक बार बिहार में सरकार बनाने वाली है। उन्होंने आगे कहा कि आप लोग बताओ बिहार की मतदाता सूची से घुसपैठियों को निकालना चाहिए या नहीं निकालना चाहिए?

विपक्ष के नेता राहुल ने किया दावा

## केंद्र में हमारी सरकार बनी तो बिहार को मिलेगा सबसे बड़ा विश्वविद्यालय

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्णिया के कसबा में संबोधित करते हुए बिहार की बदहाली के लिए एनडीए सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही बिहार में देश का सबसे बड़ा और विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय खोला जाएगा। बिहार में आज लोग अस्पताल में जीने नहीं, बल्कि मरने जाते हैं, उन्होंने वोट चोरी का आरोप दोहराया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा सरकार संविधान पर आक्रमण कर रही है और वोट चोरी करके चुनाव जीतने की साजिश रच रही है।



## चुनाव निष्पक्ष हुए तो जनता सत्ता पक्ष को खदेड़ देगी: प्रियंका

बिहार में चुनावी अभियान के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने गोविंदगंज में जनसभा को संबोधित किया और भावनात्मक और राजनीतिक दोनों तरह के संदेश दिए. उन्होंने कहा कि अगर बिहार में चुनाव निष्पक्ष तरीके से हुए तो जनता मौजूदा सत्ता पक्ष को खदेड़ देगी। प्रियंका ने पेपर लीक, बेरोजगारी और वोट कटौती को सबसे बड़े मुद्दे बताते हुए कहा कि बिहार के युवाओं का भविष्य लगातार बर्बाद हो रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि बिहार के लोगों को देश में अपनी भागीदारी समझनी होगी और अपनी ऐतिहासिक भूमिका को पहचानना होगा।



## थाईलैंड से वोट देने पटना पहुंचीं तन्वी शाह

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच तन्वी शाह का नाम हर जुबां पर है। ये वही तन्वी शाह हैं जो मूल रूप से बिहार की हैं, लेकिन थाईलैंड में रहती हैं। इन्हें जब पता लगा कि चुनावी बिगुल बज गया है, तो फैसला किया कि मुझे हर कीमत पर लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेना है।

## चुनाव पर दुनिया की नजर, 7 देशों के 16 प्रतिनिधि पहुंचे पटना

चुनाव से पहले भारतीय चुनाव आयोग के अंतरराष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम के तहत 7 देशों के 16 प्रतिनिधियों ने बिहार चुनाव के पहले चरण के लिए व्यवस्था देखी। व्यवस्था देखने के लिए इंडोनेशिया, कोलंबिया, फिलीपींस, फ्रांस, बेल्जियम, दक्षिण अफ्रीका और थाईलैंड के प्रतिनिधि आए।



उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी।



तेज प्रताप यादव।



सीएम नीतीश भी इंक लगी अंगुली दिखाते हुए।



तेज प्रताप ने सपरिवार मतदान किया।



पटना में वोटिंग के लिए लगी लोगों की कतार।

## इधर गधे, उधर भी गधे, सब तरफ गधे अच्छे घोड़ों को नहीं मिल रही घास: नितिन



सुपौल के गांधी मैदान में एनडीए की जनसभा में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एनडीए को समर्थन और वोट की अपील की। इनोवेशन, टेक्नोलॉजी पर चर्चा की। विपक्ष पर व्यंग्य कसते हुए कहा इधर गधे, उधर गधे,सब तरफ गधे अच्छे घोड़ों को नहीं मिल रही घास और गधे खा रहे।

## माफिया की उल्टी गिनती शुरू

सीतामढ़ी में जनसभा में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने महागठबंधन पर जमकर हमला बोला। योगी ने कहा कि बिहार के अंदर पहले चरण के मतदान ने साबित कर दिया है, कांग्रेस, आरजेडी और उनके सहयोगियों के लिए बिहार में कोई स्थान नहीं है। यहां माफिया की उल्टी गिनती शुरू हो गई।



## 12 बजे ही आरजेडी ने कर दिया सरेंडर



पहले फेज की वोटिंग के बीच मतदान केंद्रों पर बिजली सप्लाई बंद करने के राष्ट्रीय जनता दल के आरोप की निंदा करते हुए भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि उन्होंने कभी उम्मीद नहीं की थी कि विपक्षी दल मतदान के दिन दोपहर 12 बजे निराशा में हाय तौबा करना शुरू कर देगा। आरजेडी ने सरेंडर कर दिया।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

## खबर संक्षेप

### पादरी बना आरोपी 24 साल बाद गिरफ्तार

चेन्नई। कानून के हाथ लंबे हैं। ये बात तमिलनाडु के चेन्नई से गिरफ्तार हुए रेप के आरोपी के मामले में साबित हो गई। केरल के तिरुवनंतपुरम में 2001 में एक नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न हुआ था। पुलिस ने चेन्नई में उसे 24 साल फरार रहने के बाद गिरफ्तार किया। उसकी पहचान हो गई है।



### दिग्गज एक्टर हरीश राय का निधन

नई दिल्ली। पिछले महीने पांच-पांच दिनों के अंतर में बॉलीवुड ने अपने 3 दिग्गज सितारों को खो दिया। कन्नड़ फिल्मों के दिग्गज एक्टर हरीश राय का निधन हो गया है,



### शीर्ष कोर्ट में सुनवाई के दौरान ऐसा भी आया वाकया

# वेलनेस चैंपियन की.... अदालत से गुहार नेशनल इमरजेंसी घोषित करें 'मीलॉर्ड'

## दमघोंटू हवा के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों और शहरों में बढ़ते प्रदूषण और दमघोंटू हवा के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिकादायर की गई है और वायु प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने की मांग की गई है। इतना ही नहीं याचिकाकर्ता ने अपनी अर्जी में राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालॉलागू करने की भी मांग की है ताकि ग्रामीण से लेकर शहरी स्तर तक लोगों को प्रदूषण के गंभीर परिणामों से बचाया जा सके। यह याचिका ल्यूक क्रिस्टोफर कॉउटिन्हो ने दायर की है, जो पीएम मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट के वेलनेस चैंपियन यानी दूत रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया है कि एक व्यापक नीतिगत ढांचे के बावजूद, ग्रामीण और शहरी भारत के बड़े हिस्से में वायु की गुणवत्ता लगातार खराब बनी हुई है और कई मामलों में यह बदतर स्तर को भी पार कर गई है।



### संविधान का हवाला दिया

याचिकाकर्ता ने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार का हवाला देते हुए कोर्ट से अधिकारियों को वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के ठोस उपाय करने का निर्देश देने की मांग की है। इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु आदि प्रमुख भारतीय शहरों में प्रदूषकों का वार्षिक औसत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अधिसूचित राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों के तहत निर्धारित सीमा से लगातार अधिक बना हुआ है।

### मानकों का घोर उल्लंघन

याचिकाकर्ता ने जोर दिया है कि भारतीय मानक पहले से ही एक उच्च सीमा निर्धारित करते हैं, क्योंकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2021 वायु गुणवत्ता दिशानिर्देश के लिए वार्षिक औसत सीमा निर्धारित करते हैं। दिल्ली में प्रदूषण मानकों का घोर उल्लंघन करते हैं।

### अधिकारी विफल, लोग 'विकल'

अधिकारियों की विफलता को उजागर करते हुए याची ने दावा किया है कि नागरिक हर दिन जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि वायु गुणवत्ता निगरानी कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों का बहिष्करण एक बुनियादी ढांचागत कमजोरी को दर्शाता है।

### क्रिस्टोफर जीवनशैली गुरु और बड़े थिंकर

ल्यूक क्रिस्टोफर कॉउटिन्हो एक भारतीय जीवनशैली गुरु और एकीकृत एवं जीवनशैली चिकित्सा के क्षेत्र में थिंकर हैं, जो स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करते रहे हैं। वह उत्तम स्वास्थ्य के लिए पोषण, व्यायाम, नींद, इमोशनल डिटॉक्स और अध्यात्म जैसे पांच स्तंभों पर जोर देते रहे हैं। वे यू केयर वेलनेस प्रोग्राम के संस्थापक हैं और स्वास्थ्य पर बेस्टसेलिंग पुस्तकें लिखने के लिए जाने जाते हैं। वह वायु प्रदूषण जैसे सामाजिक मुद्दों के समाधान के लिए भी सक्रिय रहे हैं।

## हवा में घुलते जहर से 'फेफड़ों पर प्रदर्शन का दबाव' बढ़ रहा



### दिल्ली में प्रदूषण पर थरूर का तंज

नई दिल्ली। सर्दियों का मौसम दिल्ली में दोहरी चुनौती लेकर आता है। दीपावली जैसे त्योहार में आतिशबाजी भी दिल्ली की वायु गुणवत्ता पर नकारात्मक असर डालती है। आतिशबाजी के बाद दिल्ली का एक्यूआई खतरनाक स्तर पर है। वायु गुणवत्ता खराब होने के कारण दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोगों को सांस से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। इस जटिल चुनौती के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने तंज कसते हुए कहा, प्रदूषण का स्तर बढ़ने के कारण नवंबर में फेफड़े पर प्रदर्शन का दबाव और बढ़ेगा। थरूर ने लगातार बिगड़ती दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता को लेकर एक्स हैंडल पर कटाक्ष किया। इस बार हिंदी भाषा में लिखा।

### अपनी तीखी टिप्पणी के कारण फिर चर्चा में आए

आम तौर पर अपनी कठिन अंग्रेजी शब्दावली को लेकर चर्चा में रहने वाले थरूर ने लगातार बिगड़ती दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता को लेकर एक्स हैंडल पर कटाक्ष किया। इस बार हिंदी भाषा में जारी बयान में थरूर ने लिखा, 'जैसे-जैसे नवंबर का महीना चढ़ेगा, फेफड़ों पर परफॉर्मेंस का बोझ बढ़ेगा!' उन्होंने ये टिप्पणी छह नवंबर की सुबह 10 बजे की एक्यूआई की स्थिति को लेकर की। गुरुवार को दिल्ली में धुंध भरी सुबह और वायु गुणवत्ता सूचकांक'खराब' और 'बेहद खराब' श्रेणी में रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस पर चिंता जताई है।एक रिपोर्ट के मुताबिक शाम तक एक्यूआई खराब होकर 'बहुत खराब' श्रेणी में जाने की आशंका है। डॉक्टरों का कहना है कि प्रदूषण के कारण दिल्ली के अस्पतालों में सांसद लेने में तकलीफ की शिकायत करने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

कर्नाटक सरकार को फिर झटका

## संघ के कार्यों पर रोक के फैसले पर स्टे के खिलाफ याचिका रद्द

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें हाईकोर्ट के पूर्व में दिए गए आदेश को चुनौती दी गई थी। एक सिंगल जज की पीठ ने राज्य सरकार के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें सार्वजनिक जगहों पर संघ की गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया था। अब जस्टिस एस जी पंडित और गीता के बी की खंडपीठ ने सरकार को निर्देश दिया कि वह सरकार के फैसले पर लगे स्टे को हटाने के लिए उन्हीं सिंगल जज से संपर्क करे।



### इस आदेश पर हो रहा विवाद

कर्नाटक सरकार ने बीते दिनों एक आदेश जारी किया था, जिसमें सार्वजनिक जगहों पर निजी संगठनों की गतिविधियों के लिए सरकार की अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया था।

## जब तक लोग ये फॉर्म नहीं भरेंगे, वे फॉर्म नहीं भरेंगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

### एसआईआर पर भड़कीं ममता



पश्चिम बंगाल में एसआईआर शुरू होने के दूसरे दिन बीएलओ मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के घर पहुंच गए, वो गणना फॉर्म लेकर पहुंचे थे। सीएम ममता ने कहा है कि जब तक बंगाल के सभी लोग ये फॉर्म नहीं भरेंगे, वो फॉर्म नहीं भरेंगी। इस ऐलान को लेकर उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट भी किया है। सीएम ममता ने लिखा, बीएलओ प्रभारी हमारे मोहल्ले में आए थे। वे मेरे निवास कार्यालय में आए और पता लगाया कि निवास में कितने मतदाता हैं और उन्हें फॉर्म दिए। जब तक बंगाल का हर व्यक्ति फॉर्म नहीं भरता, मैंने फॉर्म नहीं भरूंगी। तृणमूल बंगाल में एसआईआर की शुरुआत को लेकर मुखर रही है। ममता ने खुद कहा था कि वह बंगाल में एसआईआर शुरू नहीं होने देंगी। मंगलवार को जब एसआईआर की शुरुआत हुई तो अभिषेक-ममता सड़क पर उतर आए।

## संक्षेप

### नारायणपुर से फतेहगंज मार्ग पर स्थित खाद दूकान पर खाद की किल्लत, बढ़ी परेशानी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। नारायणपुर से फतेहगंज मार्ग पर चक गाँव की मोड़ स्थित एक खाद भंडार पर आज किसानों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। किसान सुबह से ही खाद लेने के लिए लाइन में लगे रहे, लेकिन उन्हें (यूरिया/डीएपी आदि) खाद नहीं मिल पा रही है। खाद की लगातार कमी के चलते ग्रामीण किसानों को फसल बोने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि अगर जल्द ही खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो रबी की बुवाई पर इसका सीधा असर पड़ेगा। किसानों ने बताया कि 'खाद आती है तो मिलती नहीं, खत्म हो जाती है। इंतजार करवाया जाता है और फिर खाली हाथ घर लौटना पड़ता है।' ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द खाद उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि समय पर बुवाई का कार्य पूरा हो सके।

### बंथरा स्थित एस एस फिलिंग स्टेशन पर थार सवार युवकों ने किया हंगामा


अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। देर रात बंथरा स्थित एस एस फिलिंग स्टेशन पर थार सवार युवकों ने हंगामा किया, जानकारी के अनुसार, रात करीब 1 बजे तीन युवक थार गाड़ी से ईंधन भरवाने पहुंचे थे। पंप कर्मी अनूप कुमार (28 वर्ष), पुत्र नरेश निवासी हरियावां, हरदोई ने जब गाड़ी को सही ढंग से खड़ा करने के लिए कहा, तो युवकों ने आपा खो दिया और कर्मी की पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलते ही बंथरा पुलिस मौके पर पहुँची। पीड़ित कर्मी की तहरीर पर तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ललितपुर के जेलर समेत तीन जेलकर्मी सस्पेंड

**बंदी ज्ञानेंद्र ढाका ने जेल से मांगी थी रंगदारी; तलाशी में मिला मोबाइल**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। ललितपुर जेल में विचाराधीन बंदी ज्ञानेंद्र ढाका के जेल के भीतर से रंगदारी मांगने के मामले को दोषी जेल कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। डीजी जेल पीसी मीणा ने मामले में लापरवाही के दोषी ललितपुर जिला कारागार के जेलर जीवन सिंह, डिप्टी जेलर प्रिंस बाबू व जेल वार्डर आकाश कुशवाहा को निलंबित कर दिया है। मामले की जांच डीआइजी जेल, कानपुर रेंज को सौंपी गई। डीआइजी की आरंभिक जांच में तीनों जेलकर्मी लापरवाही व ड्यूटी में शिथिलता बरतने के दोषी पाए गए। डीजी ने तीनों के विरुद्ध विभागीय जांच का आदेश भी दिया है। ललितपुर जेल में विचाराधीन बंदी ज्ञानेंद्र बागपत निवासी सीबीएसएम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक कृष्णपाल राणा को चार नवंबर की दोपहर फोन कर 20 लाख रुपये रंगदारी मांगी थी। प्रबंधक ने बागपत के दोघट थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद ललितपुर जेल से रंगदारी मांगे जाने का मामला सामने आया। ललितपुर डीएम सत्यप्रकाश व एसपी मु.मुश्ताक व अन्य अधिकारियों ने गुरुवार को जेल पहुंचकर सघन तलाशी कराई। इस दौरान ज्ञानेंद्र के पास मोबाइल फोन व सिम बरामद हुआ। बागपत निवासी ज्ञानेंद्र हिस्ट्रीशीटर अपराधी है और उसके विरुद्ध हत्या व लूट समेत अन्य संगीन धाराओं में 28 मुकदमे दर्ज हैं। वह बागपत में हिस्ट्रीशीटर अपराधी प्रवीण उर्फ बबलू की हत्या के मामले में ललितपुर जेल में निरुद्ध है।

## गुरुदत्त ने प्रेम की सारी ऋतुओं को जीने का किया प्रयास

**यतींद्र मिश्र बोले– विरह की वेदना ने अमर कर दिया उनका संगीत**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। फिल्म की सारी विधाओं में अपनी छाप छोड़ने वाले गुरुदत्त अपने अधूरेपन के जीते जागते उदाहरण हैं। 39 साल की उम्र में दुनिया से अलविदा कहने वाले फिल्मकार ने प्रेम की सारी ऋतुओं को जीने का प्रयास किया। मगर हर बार हवा ने उन्हें सूखे पत्तों की तरह किनारे कर दिया। उनका अधूरा प्रेम रहित जीवन किसी के लिए प्रेरणा तो किसी के लिए उदाहरण हो सकता है। महान फिल्मकार गुरुदत्त की फिल्मों का संगीत विषय पर दैनिक जागरण संवादी के छठे सत्र में चर्चा हुई, जिसमें संगीत अध्येतया यतींद्र मिश्र और रेडियो उद्घोषक युनुस खान ने न सिर्फ उनके सिनेमा का बल्कि जीवन का दर्शन भी ऐसा कराया कि सभागार में मौजूद हर स्रोता बंध गया। शुरूआत करते हुए युनुस खान ने कहा कि गुरुदत्त जीवनभर संपूर्णता की तलाश करते रहे। तलाश करते रहे कि वे अपनी कला को किस तरह संपूर्णता की ओर ले जा सके। उनके जीवन में रही बेचैनी, व्याकुलता और विभलता उनके पूरे काव्य में नजर आती रही। यतींद्र मिश्र ने कहा कि गुरुदत्त अपने जीवन में बहुत टूटे और बिखरे रहे। उन्होंने अपने आप को संभालने का काम नहीं किया बल्कि बिखरते ही चले गए। गुरुदत्त की मां बसंती देवी का जीवन भी वैसा ही रहा। गुरुदत्त के पिता से उनके संबंध बहुत अच्छे नहीं थे। वे गांधीवादी थीं। बार बार महात्मा गांधी को पत्र लिखती थीं कि वे सबकुछ छोड़छाड़कर साबरमती आश्रम आना चाहती हैं। यह भी कहा कि वे अपनी संतान की परवरिश भी ठीके से नहीं कर पा रही हैं। इस पर गांधी जी ने उन्हें पत्र लिखा। उसके बाद बसंती देवी का मन बदला। फिर वे किसी तरह से पति के साथ सामंजस्य बनाया और गुरुदत्त की परवरिश के लिए तैयार हुईं।

## तेलीबाग में स्कूल से लौट रहे छात्र पर दबंगों का हमला, सिर पर गंभीर चोट

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई। पीजीआई क्षेत्र में गुरुवार सुबह स्कूल से घर लौट रहे छात्र पर दबंगों ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित छात्र साहिल भारती ने बताया कि वह अपने साथी के साथ बी.आर. गोप स्कूल से परीक्षा देकर लौट रहा था। इसी दौरान करीब सुबह 11:30 बजे रास्ते में आशीष (निवासी सेक्टर 60), कृष्णा (निवासी बृज विहार, निकट मुकेश आरा चक्की) और सौरभ वर्मा (निवासी स्थेन्द्र नगर, तेलीबाग) ने उसे रोक लिया और बिना किसी कारण के मारपीट शुरू कर दी। साहिल के अनुसार, झगड़े के दौरान सौरभ वर्मा, कृष्णा और आशीष ने उसके सिर पर किसी भारी वस्तु से प्रहार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेकर कर जांच शुरू कर दी है।

## आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा, पुलिया के नीचे गिरी दो बाइकें, तीन की मौत, एक घायल

अमन लेखनी समाचार


उन्नाव औरास थाना क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस लाइन से दो बाइक पर चार युवक सवार होकर जा रहे थे कि सर्विस लाइन पर बनी पुलिया के नीचे जा गिरे चारों युवक पुलिया के नीचे घायल अवस्था में पड़े हुए थे सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से चारों घायलों को सीएचसी औरास ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया तथा एक का इलाज अस्पताल में चल रहा है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया

लखनऊ जनपद के काकोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जेहटा पकरिया चौराहा निवासी मोहित धीरेंद्र पुत्रगण सुरेश गौतम, भानु पुत्र गुड्डू व शनी पुत्र पप्पू गौतम यह बाइक से थाना क्षेत्र के अंतर्गत किसी काम के सिलसिले में आए हुए थे। और वापस अपने घर के लिए आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस लाइन से जा रहे थे जैसे ही औरास थाना क्षेत्र के बडा देवगांव के पास पहुंचे थे और जहां एक्सप्रेसवे की सर्विस लाइन की पुलिया के पास दो बाइक से चारों युवक रेस कर रहे थे और वह पुलिया के नीचे चले गए जहां चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने तीन युवक जिसमें मोहित, धीरेंद्र, भानु को मृत घोषित कर दिया मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया तथा सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा घायल युवक शनी का उपचार स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा एक का इलाज चल रहा है और मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## फर्जी डिग्री मामले में मोनाड यूनिवर्सिटी समेत 16 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**लखनऊ में प्रिंसिपल का आवास खंगाला**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी डिग्री बांटे जाने के मामले में गुरुवार को हापुड़ की मोनाड यूनिवर्सिटी व उन्नाव स्थित सरस्वती मेडिकल कालेज समेत 16 ठिकानों पर छापेमारी की। इनमें लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ, नोएडा के अलावा दिल्ली व हरियाणा में सोनीपत व फरीदाबाद स्थित ठिकाने भी शामिल रहे। सूत्रों के अनुसार ईडी अधिकारियों ने लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार में सरस्वती मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल अखिलेश मौर्य के आवास को भी खंगाला। छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज व इलेक्ट्रानिक उपकरण कब्जे में लिए गए हैं। कई फर्जी डिग्री के अलावा बेनामी संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज भी कब्जे में लिए गए हैं। ईडी के लखनऊ स्थित जोनल कार्यालय की टीमों ने सभी ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। ईडी बरामद दस्तावेजों के आधार पर आगे की छानबीन कर रहा है। छापेमारी के दौरान यूनिवर्सिटी व मेडिकल कालेज के कई कर्मचारियों से पूछताछ भी की गई। एसटीएफ (एसटीएफ) ने लाखों रुपये लेकर युवकों को बीए, एमए, बीएड, एलएलबी, फार्मासिस्ट, बीटेक व अन्य व्यवसायिक कोर्स की फर्जी डिग्री उपलब्ध कराए जाने के मामले में 18 मई को मोनाड यूनिवर्सिटी के चेयरमैन चौधरी विजेंद्र सिंह उर्फ विजेंद्र सिंह हुड्डा समेत 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया था। मोनाड यूनिवर्सिटी परिसर से 1372 फर्जी डिग्री व मार्कशीट व अन्य दस्तावेज बरामद किए थे। आरोपित विजेंद्र सिंह हुड्डा इससे पूर्व बहुचर्चित बाइक बोट घोटाले का भी आरोपित रहा है। ईओडब्ल्यू ने उसके विरुद्ध पांच लाख रुपये का इनाम भी घोषित कराया था। विजेंद्र सिंह बसपा के टिकट पर हापुड़ से पिछला लोकसभा चुनाव भी लड़ा था। वह बाइक बोट घोटले के मुख्य आरोपित बसपा नेता संजय भाटी का बेहद करीबी रहा है। ईडी ने मामले में बीते दिनों मनी लांड्रिंग का केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। ईडी सूत्रों के अनुसार विजेंद्र सिंह सरस्वती मेडिकल कालेज के चेयरमैन सुधीर गिरी का पार्टनर भी है। दोनों मिलकर मेरठ में एक शैक्षणिक संस्थान का संचालन भी लड़ा था। वह बाइक बोट घोटले के मुख्य आरोपित बसपा नेता संजय भाटी का बेहद करीबी रहा है। ईडी ने मामले में बीते दिनों मनी लांड्रिंग का केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## जन्म प्रमाणपत्र के नाम पर रिश्वतखोरी का आरोप, पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार

अमन लेखनी समाचार



पीड़िता नसरीन – फोटो

मलिहाबाद। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद में तैनात एक कर्मचारी पर जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के नाम पर रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगाया गया है। मलिहाबाद के ग्राम अमानीगंज निवासी नसरीन बानों ने बताया कि उनके पुत्र फरहान का जन्म वर्ष 2014 में सीएचसी मलिहाबाद में हुआ था, लेकिन जन्म प्रमाणपत्र में बच्चे का नाम गलत 'सालिहान' दर्ज हो गया। सही नाम से प्रमाणपत्र बनवाने के लिए उन्होंने केंद्र पर तैनात कर्मचारी अमित कुमार वर्मा से संपर्क किया। पीड़िता के अनुसार, कर्मचारी ने 6 मई 2025 को प्रमाणपत्र संशोधन के लिए 750 रुपये लिए और जल्द प्रमाणपत्र मिलने का आश्वासन दिया। कई बार अस्पताल के चक्कर लगाने के बावजूद प्रमाणपत्र नहीं मिला। इसके बाद 1 नवंबर को कर्मचारी ने दोबारा 200 रुपये और लिए, लेकिन तब भी प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं कराया।

6 नवंबर को फिर बुलाने पर भी जब प्रमाणपत्र नहीं दिया गया, तो कर्मचारी ने कहा कि 'ज्यादा जल्दी है तो कहीं और बनवा लो।' नसरीन बानों ने आरोप लगाया कि ऐसे भ्रष्ट कर्मचारी आम लोगों को जन्म प्रमाणपत्र जैसे आवश्यक दस्तावेजों के लिए परेशान कर रहे हैं। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर दोषी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है, जिसकी जांच कर दोषी पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## चित्रकूट कोषागार घोटाले की दो सदस्यीय जांच टीम ने शासन को सौंपी रिपोर्ट, साफ्टवेयर की खामियां दूर करेगी सरकार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शासन ने चित्रकूट में कोषागार कार्मिकों की मिलीभगत से हुए 43.13 करोड़ रुपये के घोटाले से सबक लिया है। कोषागारों के साफ्टवेयर को अपग्रेड करने का निर्णय लिया है। साफ्टवेयर अपग्रेड करने का काम एनआइसी को दिया जाएगा। मौजूदा साफ्टवेयर की कमियों को दूर करते हुए इस प्रकार अपग्रेड कराया जाएगा जिससे भविष्य में कोई घोटाला ना कर सके। दूसरी तरफ चित्रकूट के एडीएम (न्यायिक) और मंडलीय संयुक्त आयुक्त कोषागार की दो सदस्यीय जांच टीम ने घोटाले पर अपनी जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी है। पुलिस द्वारा की जा रही जांच पर शासन की भी नजर है। शासन स्तर से यह प्रयास किया जा रहा है कि घोटाले की पूरी धनराशि वापस आ जाए। अभी तक तीन करोड़ रुपये से अधिक धनराशि की रिकवरी हो चुकी है। अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार के मुताबिक जांच रिपोर्ट उन्हें मिल गई है, किसी वरिष्ठ अधिकारी के इसमें लिप्त होने के कोई संकेत नहीं है। उन्होंने बताया है कि कोषागार के साफ्टवेयर को तत्काल अपग्रेड कराने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि कोषागार निदेशक वीके सिंह ने वर्ष 2014 से अब तक कोषागारों से हुए लेन-देने की विशेष आडिट किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कोषागारों के सभी पेंशन खातों की जांच करने के लिए भी कहा है। जिन 93 पेंशनरों के खाते में एरियर के नाम पर 43.13 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए हैं, उन सभी खातों को फ्रीज करा दिया गया है।

## राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर पूरे यूपी में होगा स्मरणोत्सव

**स्कूलों में आज से वर्षभर चलेगा वंदेमातरम**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के शुक्रवार को 150 वर्ष पूरे होने पर सरकारी कार्यालयों, स्कूलों व स्वतंत्रता संग्राम स्थलों पर पूरे वर्ष चार चरणों में समारोहों का आयोजन किया जाएगा। इस संदर्भ में संस्कृति निदेशालय ने सभी सरकारी विभागों, बेसिक व माध्मयमिक शिक्षा विभाग, संस्कृति, गृह व सूचना विभाग सहित सभी जिलाधिकारियों को समारोहों के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी है। स्मरणोत्सव का पहला चरण सात से 14 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। दूसरा चरण अगले वर्ष 19 से 26 जनवरी, तीसरा चरण सात से 15 अगस्त और चौथा चरण पहली से सात नवंबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। बंकिम चंद्र चटर्जी ने अक्षय नवमी के अवसर पर सात नवंबर 1875 को वंदे मातरम गीत लिखा था। पहली बार यह गीत साहित्यिक पत्रिका बंग दर्शन में उनके उपन्यास आनंदमठ के धारावाहिक प्रकाशन के एक भाग के रूप प्रकाशित किया गया था। इस गीत ने उस समय देश भर में चल रहे स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी थी। इस गीत ने देशवासियों के अंदर स्वतंत्रता की अलख जलाई थी। नतीजतन 24 जनवरी 1950 में भारतीय संविधान सभा ने इस गीत को राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया। संस्कृति मंत्रालय ने राष्ट्रीय गीत के स्मरण में पूरे वर्ष समारोहों के आयोजन के लिए राज्य सरकार को 24 अक्टूबर को पत्र भेजा था। इसके बाद संस्कृत विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने समारोहों के आयोजन की कार्ययोजना तैयार कर मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों व संबंधित विभागों को भेजी है।

### स्कूलों में आज से वर्षभर चलेगा वंदेमातरम

राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी विद्यालयों में वर्षभर विशेष कार्यक्रम होंगे। इस संबंध में शिक्षा निदेशक (बेसिक) ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। यह कार्यक्रम सात नवंबर से अगले वर्ष सात नवंबर तक आयोजित किए जाएंगे। इसकी शुरूआत शुक्रवार को सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम के गायन से की जाएगी। इसके साथ ही वंदे मातरम कान्सर्ट का भी आयोजन किया जाएगा।

## अब घर बैठे डॉग वाकर से लेकर बेबीसिटर तक की सुविधा, सेवामित्र से एक कॉल पर लोगों को मिलेंगी घरेलू सेवाएं

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अब घर बैठे सिर्फ एक काल पर ही डाग वाकर से लेकर बेबीसिटर, केयर गिवर, इवेंट प्लानर, रसोइयां और ड्राइवर जैसी कई सुविधाएं भी 'सेवामित्र पोर्टल' से उपलब्ध होंगी। श्रम एवं सेवायोजन विभाग ने सेवामित्र पोर्टल का दायरा बढ़ाने का निर्णय लिया है, ताकि आम नागरिकों को अधिक से अधिक घरेलू सेवाएं एक ही मंच पर आसानी से मिल सकें। गुरुवार को प्रमुख सचिव डा. एमके शन्मुगा सुंदरम की अध्यक्षता में सेवामित्र समिति की गवर्निंग बाडी की सातवीं बैठक हुई। इसमें तय किया गया कि अब सरकारी विभाग भी जहां जेम पोर्टल पर सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं, वहां छोटी अवधि की सेवाओं के लिए सेवामित्र पोर्टल से ही सेवाएं लेंगे। इसके लिए वित्त विभाग से शासनादेश जारी कराने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। प्रमुख सचिव ने बताया कि सेवामित्र योजना का उद्देश्य युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार देना और जनता को घर बैठे कुशल सेवाएं उपलब्ध कराना है। अब इस पोर्टल को ओएनडीसी (ओपन नेटवर्क फार डिजिटल नेटवर्क) से जोड़ा जाएगा, ताकि इसका उपयोग और अधिक व्यापक हो सके। इच्छुक सेवा प्रदाता https://portal.ondc.org/ पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। ओएनडीसी किसी भी तरह का कमीशन या शुल्क नहीं लेगा और सेवा शर्तें पूरी तरह से प्रदाताओं द्वारा स्वतंत्र रूप से तय की जाएंगी। वहीं, तकनीकी आडिट का कार्य अपट्रान पावरट्रानिक्स लिमिटेड द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। जनसामान्य की सुविधा के लिए सेवायोजन पोर्टल, रोजगार संगम पोर्टल और सेवामित्र पोर्टल को एकीकृत करने की दिशा में काम पूरा कर लिया गया है। विभाग ने डमी पेज तैयार कर लिया है और 15 नवंबर तक एकीकृत वेबपेज को लाइव करने की योजना है। सेवामित्रों की पहचान सुनिश्चित करने और जनता में विश्वास बढ़ाने के लिए उन्हें टी-शर्ट और कैप उपलब्ध कराई जाएगी। इससे सेवा प्रदाताओं की विश्वसनीयता मजबूत होगी। बैठक में श्रम एवं सेवायोजन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## नर्सिंग आफिसर को जल्द दिए जाएंगे अस्थायी नियुक्ति पत्र

**आयोग ने चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय को दी अनुमति**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित लगभग दो हजार नर्सिंग आफिसर को जल्द ही अस्थायी नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय को नियुक्ति पत्र जारी करने की अनुमति दे दी है। शैक्षिक, अनुभव और आरक्षण प्रमाण पत्रों का सत्यापन में देरी के कारण बीते सात महीने से इन नर्सिंग आफिसर को नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए जा रहे थे। आयोग की अनुमति के बाद अब मेडिकल कालेजों में नर्सों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नर्सिंग आफिसर के पदों के लिए वर्ष 2023 में विज्ञापन जारी किया गया था। 19 दिसंबर 2023 को इसके लिए प्री लिखित और 28 जुलाई 2024 को मुख्य परीक्षा हुई थी। सात मार्च 2025 को इस परीक्षा का परिणाम आया। इसके बाद आयोग ने महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा को चयनित अभ्यर्थियों की सूची देकर सभी शैक्षिक, अनुभव और आरक्षित श्रेणी के प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराने के बाद ही नियुक्ति पत्र जारी करने के लिए पत्र भेज दिया। आयोग का यही आदेश नियुक्ति पत्र देने में देरी का कारण बन गया। सूत्रों के अनुसार, चयनित अभ्यर्थियों में 250 से अधिक नर्सिंग आफिसर हरियाणा, राजस्थान व अन्य राज्यों के हैं। इनके हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, नर्सिंग डिग्री/डिप्लोमा, अनुभव, आरक्षित श्रेणी के प्रमाण पत्रों की जांच अलग-अलग शिक्षा बोर्ड और जिलों से हो रही है। इसके चलते नियुक्ति पत्र जारी करने की पूरी प्रक्रिया प्रभावित हो गई थी। जब दिक्कतें बढ़ीं तो महानिदेशालय ने अस्थायी नियुक्ति पत्र जारी करने के लिए आयोग अनुमति मांगी थी। अब आयोग से अस्थायी नियुक्ति पत्र जारी करने के लिए अनुमति दे दी गई है। इससे सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। यदि परिवीक्षा अवधि के दौरान प्रमाण पत्रों की जांच में कोई गड़बड़ी मिली तो नर्सिंग आफिसर को बर्खास्त कर दिया जाएगा।

## बिजली अभियंताओं के उत्पीड़न के खिलाफ 20 से आंदोलन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने पावर कारपोरेशन प्रबंधन पर बिजली अभियंताओं का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए 20 से 28 नवंबर तक आंदोलन करने की चेतावनी दी है। आंदोलन के तहत अभियंता ड्यूटी के दौरान काली पट्टी बांधेंगे साथ ही भोजनावकाश और कार्यालय समय के बाद विरोध प्रदर्शन करेंगे।

अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में तय किया गया कि मार्च-2023 की हड़ताल और मौजूदा आंदोलन के दौरान की गईं उत्पीड़नात्मक कार्रवाई को प्रबंधन द्वारा वापस न लेने पर विद्युत अभियंता आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। चरणबद्ध आंदोलन के तहत 20 से 28 नवंबर तक अभियंता काली पट्टी बांधेगें और कार्यालय समय के बाद तथा भोजनावकाश के समय विरोध प्रदर्शन करेंगे। 24 नवंबर को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय मेरठ, 25 को दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय आगरा, 26 को पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय वाराणसी, 27 को केस्को मुख्यालय कानपुर और 28 नवंबर को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय लखनऊ में अभियंता विरोध प्रदर्शन करेंगे। 29 नवंबर को अभियंता संकल्प दिवस के अवसर पर केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में आंदोलन के अगले चरण के कार्यक्रम तय किए जाएंगे।

## प्रादेशिक दल की मान्यता पाने के लिए जुटेंगे रालोद कार्यकर्ता, 2026 को चुनावी वर्ष के रूप में मनाएगी पार्टी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के कार्यकर्ता पार्टी को प्रादेशिक दल की मान्यता दिलाने के लिए जुटेंगे। संगठन का लक्ष्य होगा कि आगामी चुनाव में उसके मान्यता के लिए जरूरी छह प्रतिशत वोट और 15 विधानसभा सीटें हों। मथुरा में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद पार्टी अपनी ताकत को बढ़ाने का कार्य करेगी। रालोद के प्रदेश अध्यक्ष राम आशीष राय ने बताया कि लोकसभा चुनाव के समय पार्टी की प्रादेशिक दल की मान्यता समाप्त हो गई थी। इसे वापस पाना ही अगला लक्ष्य तय किया गया है। 16 नवंबर को मथुरा में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रदेश से दो हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा होगी। इसके साथ ही पंचायत चुनाव और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों की रणनीति पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि पार्टी वर्ष 2026 को चुनावी वर्ष के रूप में मनाएगी। इसमें मंडल, जिला एवं ब्लाक स्तर पर बैठकें, प्रशिक्षण शिविर और जनता के बीच संवाद कार्यक्रम शामिल होंगे। अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल से 31 अक्टूबर सरदार पटेल जयंती तक चले अभियान में प्रदेश में 65 लाख से अधिक लोगों ने रालोद की सदस्यता ली है। देश भर में नए बने सदस्यों की संख्या एक करोड़ से अधिक है।

## संक्षेप

### कार की टक्कर से सायकिल सवार युवक की मौत साथी घायल

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मोहन रोड पर बीती रात साइकिल सवार को कार ने टक्कर मार दिया। जिसे स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मकूर गांव निवासी मीनू पुत्र राम अवतार 35 वर्ष उन्नाव में मजदूरी करता था। बीती रात वह साथी ओम प्रकाश के साथ वापस सायकिल से जा रहा था। तभी अजगैन मोहन रोड पर ईट भट्ठे के सामने कार ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनों घायल हो गये। जिन्हें स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां मीनू को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई। मृतक पांच भाइयो में सबसे छोटा था। मृतक की शादी पन्द्रह साल पहले हुई थी। पत्नी आठ साल से नही आ रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के मालिहागाढ़ा में युवक ने फांसी के फंदे पर लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार मलीहागाढ़ा निवासी राधेश्याम 38 वर्ष पुत्र सूरज बली ने नीम के पेड़ में फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली ग्रामीणों के अनुसार राधेश्याम शराब का लती था वह दिन भर शराब पीकर इधर-उधर घूमा करता था राहगिरो ने इसकी सूचना पारिवारिक जनों को दी सूचना मिलते ही कोहराम मच गया परिवारी जनों ने सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया एस एच ओ फूल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### मार्ग दुर्घटना में इलाज के दौरान हुई मौत से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद कर कराया दवा के बिलों का भुगतान

पाटन, उन्नाव। विधानसभा भगवंत नगर को अपना परिवार मानने वाले समाज सेवक एवं विधानसभा प्रत्याशी अंकित सिंह परिहार ने कहा अपने परिवारजनों की सेवा हर हाल, हर परिस्थिति में करना मेरा संकल्प और मेरी अटूट सौगंध है।कुछ समय पूर्व परिवार क्षेत्र के गांव दिग्विजयपुर के निवासी युवा शिव बहादुर यादव एक गंभीर मार्ग दुर्घटना का शिकार हो गए थे परिवारजनों ने कानपुर के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज करवाया कई दिनों तक भरसक प्रयास के बाद भी दुर्भाग्य से उनको बचाया नहीं जा सका, इलाज आदि की व्यवस्था में परिवार के ऊपर गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया था जिसके चलते इलाज का काफी पैसा भुगतना के लिए पड़ा था।परिवार की इन कठिन परिस्थितियों की जानकारी हुई तो परिवार के बेटे का दायित्व निभाते हुए लंबित बिलों का भुगतान अपने द्वारा सुनिश्चित कर दिया है।संबंधित रसीदें परिवार के लोगों को सौंप कर कहा है कि हर संकट में, हर कष्ट में निसंकोच खबर भेजना परिवार का बेटा हूं तो बेटे के दायित्व निभाता रहा हूँ और आगे भी निभाऊँगा।

## सरस्वती मेडिकल कालेज में ईडी की टीम ने की छापेमारी

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। सरस्वती मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेड की। सुबह करीब 11 बजे दो कारों से लगभग एक दर्जन अधिकारियों की टीम अचानक कॉलेज पहुंची। टीम ने पहुंचते ही कॉलेज के गेट को बंद करा दिया। कर्मचारियों के फोन जब्त कर लिए। छापेमारी के दौरान टीम ने कॉलेज के अकाउंट सेक्शन, एडमिशन विभाग और प्रशासनिक रिकॉर्ड रूम की गहन तलाशी ली। ईडी अधिकारियों ने कॉलेज प्रशासन से करीब तीन घंटे तक पूछताछ की। बता दें कि यूपी में फर्जी डिग्री और मनी लॉन्ड्रिंग रैकेट के खिलाफ ईडी की छापेमारी चल रही है। ईडी की अलग-अलग टीमें हापुड़, उन्नाव, फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत समेत उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में एक साथ 15 जगहों पर रेड कर रही हैं। सबसे बड़ी कार्रवाई यूपी के हापुड़ स्थित मोनाड यूनिवर्सिटी और उसके चेयरपर्सन विजेंद्र हुड्डा के ठिकानों पर चल रही है। हुड्डा को पहले फर्जी डिग्री रैकेट का मास्टरमाइंड बताया गया था। बताया जा रहा है कि इन सभी 15 शिक्षण संस्थानों में विजेंद्र हुड्डा के शेयर हैं। विजेंद्र 2024 में बसपा (इरड) से चुनाव भी लड़ चुका है और यूपी एसटीएफ उसे इसी साल गिरफ्तार कर चुकी है। हापुड़ स्थित मोनाड यूनिवर्सिटी और उसके चेयरपर्सन विजेंद्र हुड्डा के खिलाफ मोटी रकम लेकर फर्जी डिग्री बनाने का मामला सामने आया था। शिकायत पर यूपी एसटीएफ ने 20 मई को विजेंद्र हुड्डा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मोनाड यूनिवर्सिटी के फर्जी काम को विस्तार देने वाले अन्य कॉलेज और शिक्षण संस्थान भी ईडी की रडार पर हैं। इसी क्रम में उन्नाव के सरस्वती मेडिकल कॉलेज के साथ ही लखनऊ के गोमतीनगर में सरस्वती कालेज के प्रिंसिपल अखिलेश मौर्य के आवास पर भी छापेमारी की गई है। ईडी की टीमों की यूपी, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर के ठिकानों पर भी छापेमारी कर रही है। इसी क्रम में उन्नाव के सोहरामऊ थाना क्षेत्र स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज में सुबह करीब 11 बजे छापेमारी की गई है। टीम दो गाड़ियों के काफिले में पहुंची और कॉलेज परिसर को अपने नियंत्रण में ले लिया। देर शाम तक छापेमारी जारी रही। इस दौरान टीम ने कॉलेज प्रशासन से करीब तीन घंटे तक पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक, सरस्वती मेडिकल कॉलेज पर लंबे समय से फर्जी एमबीबीएस डिग्री जारी करने और एडमिशन में अनियमितता के आरोप लगते रहे हैं। पहले इस प्रकरण की जांच विशेष जांच टीम (SIT) ने की थी, जिसमें कॉलेज प्रशासन की मिलीभगत सामने आई थी। उसी रिपोर्ट के आधार पर ईडी ने अब इस फर्जीवाड़े में वित्तीय लेन-देन और मनी ट्रेल की जांच शुरू की है। ईडी अधिकारियों को संदेह है कि कॉलेज के जरिए बड़ी रकम फर्जी डिग्रियों और एडमिशन के नाम पर वसूली गई, जिसे बाद में अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किया गया। इसी सिलसिले में ईडी टीम कॉलेज से जुड़े बैंक खातों, फीस रसीदों और फंड ट्रांसफर रिकॉर्ड की पड़ताल कर रही है। ईडी फिलहाल सरस्वती मेडिकल कॉलेज से मिले रिकॉर्ड को खंगाल रही है। अगर फर्जी डिग्री, रजिस्ट्रेशन और फीस ट्रांजैक्शन में गड़बड़ियां पाई गईं, तो कॉलेज प्रशासन और उससे जुड़े ट्रस्ट के खिलाफ ढटछअ के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

## छेड़छाड़ करने वाले युवक को युवती ने सरेआम पीटा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में एक युवती ने छेड़छाड़ करने वाले युवक को सरेराह पीटा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बुधवार रात एक युवती अपने किसी काम से बाजार जा रही थी। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में स्वास्तिक हांडा एजेंसी के पास एक युवक ने उस पर फब्तियां कसनी शुरू कर दीं और उसका पीछा करने लगा। पहले तो युवती ने उसे नजरअंदाज किया, लेकिन जब युवक की हरकतें बढ़ीं, तो उसने हिम्मत दिखाते हुए उसका कॉलर पकड़ लिया और बीच सड़क पर ही थप्पड़ों, लातों और घूंसों से उसकी पिटाई कर दी। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि युवती अकेले ही युवक की पिटाई कर रही है। इस दौरान आसपास खड़े राहगीर तमाशबीन बने रहे और कुछ लोग मोबाइल से वीडियो बनाते दिखे। किसी ने भी बीच-बचाव करने का प्रयास नहीं किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह इलाका काफी व्यस्त रहता है और यहां अक्सर युवतियों से छेड़छाड़ की घटनाएं होती रहती हैं। हालांकि, यह पहली बार है जब किसी युवती ने इस तरह से हिम्मत दिखाते हुए मनचले को सबक सिखाया है। इस घटना से अन्य युवतियों को भी आत्मरक्षा के लिए प्रेरणा मिलने की उम्मीद है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद गंगाघाट पुलिस हरकत में आई। पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी युवक की पहचान करने में जुटी है। थाना गंगाघाट के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवती की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वीडियो की सत्यता और संबंधित पक्षों की पहचान की जा रही है। आरोपित युवक की गिरफ्तारी के लिए एक टीम भी गठित कर दी गई है।

## किसान से 78 हजार रुपये लूटे गल्ला बेचकर लौटते समय हुई वारदात, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में एक किसान से 78 हजार रुपये लूट लिए गए। यह घटना गुरुवार दोपहर उस समय हुई जब किसान बांगरमऊ मंडी से गल्ला बेचकर अपने गांव ढूलौव्वा लौट रहा था। बदमाशों ने सई नदी के पास उसकी पिकअप लोडर को रोककर वारदात को अंजाम दिया। ढूलौव्वा निवासी किसान गुरुवार सुबह करीब 10 बजे अपनी पिकअप लोडर में गल्ला भरकर बांगरमऊ मंडी गया था। दोपहर लगभग 12 बजे वह मंडी से वापस घर लौट रहा था। सई नदी के पास सड़क पर एक अर्टिगा कार खड़ी थी, जिसमें से तीन युवक डंडे लेकर उतरे। आरोप है कि उन्होंने किसान की पिकअप को रुकवाया और उसके साथ मारपीट कर 78,000 रुपये छीन लिए। बदमाशों ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन से किसान का पीछा किया था जो पहले से ही घात लगाकर बैठे थे। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों अज्ञात बदमाश मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी मुन्ना कुमार ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**इस वारदात के बाद ढूलौव्वा गांव में यह चर्चा भी है कि घटना को किसी साजिश के तहत अंजाम दिया गया है। अंदरखाने ग्रामीणों में ये भी चर्चा है कि किसान मनगढ़ंत कहानी बना रहा है। हालांकि, पुलिस इन चचाओं के बावजूद सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर गहनता से जांच कर रही है।**

## एनएचआई इंजीनियर के सुरक्षा गार्डों ने दो युवकों को जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। एनएचआई इंजीनियर के सिक्योरिटी गार्ड्स ने सड़क पर सरेआम दो युवकों को पीट दिया। पिटाई का वीडियो सामने आया है। दोनों युवक अपनी बाइक से गुजर रहे थे। ओवरलिंक निर्माण कार्य के पास सुरक्षाकर्मियों ने रोका तो युवकों से बहस हुई। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। पीड़ित युवक लगातार उन्हें छोड़ने की गुहार लगाते रहे। एरिया सुनसान होने की वजह से बीच-बचाव करने भी कोई नहीं आया। गुरुवार सुबह का यह मामला सोहरामऊ थाना क्षेत्र का है। वीडियो में पीट रहे युवकों की कोई जानकारी सामने नहीं आ सकी है। हालांकि, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है। लखनऊ - कानपुर नेशनल हाईवे पर दो युवक उन्नाव की तरफ जा रहे थे। सोहरामऊ के कुशहेरी गांव के आसपास ओवरलिंक निर्माण कार्य हुआ है। गांव के सामने दोनों बाइक सवारों को हाईवे इंजीनियर आरके सिंह के सुरक्षाकर्मियों ने रोक लिया। उनको उस रास्ते जाने से मना किया तो सुरक्षाकर्मियों और युवकों के बीच बहस हुई। विवाद बढ़ा तो सुरक्षाकर्मी आक्रामक हो गए। उन लोगों ने दोनों युवकों को सड़क पर लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि यहां नेशनल हाईवे पर रूटीन पैचवर्क का काम चल रहा था। इसलिए उस रास्ते से जाने से मना किया। सुरक्षाकर्मियों से पीट रहे युवक लगातार छोड़ने का गुहार लगा रहे हैं। आसपास काफी सुनसान जगह होने की वजह से स्थानीय कोई बचाने नहीं पहुंचा। न ही इंजीनियर की टीम में शामिल कोई व्यक्ति युवकों को बचाने आगे आया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस का कहना है कि वीडियो की जांच की जा रही है। उधर, स्थानीय लोगों का आरोप है कि हाईवे पैचिंग वर्क या कोई भी काम जब होता है तो तैनात सुरक्षाकर्मी अक्सर लोगों के साथ अभद्रता करते हैं। खुद को अधिकारी का आदमी बताकर दबंगई दिखाते हैं। सोहरामऊ इंस्पेक्टर संदीप शुक्ला ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही। वीडियो में दिख रहे सुरक्षाकर्मियों की पहचान की जा रही है। उधर, इस मामले में इंजीनियर आर के सिंह ने कहा- दोनों युवक नशे में थे, हमारे कर्मचारियों से उन्होने ही विवाद किया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के शीशी चौराहे पर आटा उठाने जा रहे युवक की बाइक में सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोर दार टक्कर मार कर रफूचक्कर हो गया।हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल युवक को सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मौत की खबर घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। औरास थाना क्षेत्र के सीमऊ गांव निवासी शुभम (20) पुत्र सुरेश बुधवार शाम बाइक से शीशी चौराहे पर आटा उठाने जा रहा था। अभी वह शीशी चौराहे से पहले एक निजी गेस्ट हाउस के पास पहुंचा ही था । तभी संडीला की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उसकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी। जिससे शुभम बाइक से उछलकर दूर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से टक्कर मारने वाला चार पहिया वाहन चालक वाहन सहित भाग निकला ।सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल युवक को सीएचसी औरास में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने गंभीर हालत में उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया ।ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान बुधवार देर रात उसकी मौत हो गई।मृतक युवक चार भाईयों में तीसरे नंबर का था।मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई।

## बकाया भुगतान को लेकर आशा बहुओं ने सीएचसी परिसर में किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सीएचसी बिछिया परिसर में गुरुवार को आशा कार्यकताओं और संगिनियों ने मानदेय वृद्धि और बकाया भुगतान की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार और स्वास्थ्य विभाग पर शोषण का आरोप लगाते हुए काम बंद करने की चेतावनी दी। आशा संघ की अध्यक्ष ने बताया कि शासन-प्रशासन वर्षों से आशा कार्यकताओं की अनदेखी कर रहा है। उन्हें कई विभागों के अतिरिक्त कार्यों में लगाया जाता है, लेकिन उसके अनुरूप भुगतान नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि टीकाकरण, मातृ-शिशु देखभाल, जनसंख्या नियंत्रण, सर्वेक्षण और गांव-गांव अभियान जैसे तमाम कार्य कराए जाते हैं, जिसके लिए प्रतिमाह केवल 2000 रुपये मानदेय दिया जाता है। अध्यक्ष ने यह भी बताया कि अप्रैल से लेकर नवंबर माह तक का मानदेय अभी तक नहीं मिला है। विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को लगातार पत्र भेजने के बावजूद उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। प्रदर्शनकारी कार्यकताओं ने एक स्वर में नारेबाजी करते हुए कहा कि जब तक 6 माह का बकाया मानदेय नहीं दिया जाता और मानदेय में वृद्धि नहीं की जाती, तब तक वे काम पर नहीं लौटेंगी। आशाओं ने सीएचसी अधीक्षक डॉ. नरेंद्र कुमार को एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें आशाओं का मानदेय 18 हजार रुपये और संगिनियों का 24 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की गई है। धरना के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. नरेंद्र कुमार ने प्रदर्शनकारी कार्यकताओं से संवाद किया और उन्हें समझाने का प्रयास किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनका मांग पत्र उच्चाधिकारियों तक उसी दिन भेज दिया जाएगा और उनकी समस्याएँ सरकार तक पहुँचाई जाएंगी। हालांकि, आशा कार्यकर्ता अपनी बात पर अड़ी रहीं और कहा कि उन्हें अब केवल कार्रवाई पर यकीन है, भरोसे पर नहीं। कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि यदि अगले कुछ दिनों में उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो वे जिलेभर में सामूहिक कार्य बंद आंदोलन शुरू करेंगी। इस प्रदर्शन में दर्जनों आशा और संगिनी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## भुगतान न होने पर आशा बहुओं ने कलम बंद किया हड़ताल




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा विकास खण्ड क्षेत्र की आशा बहुओं ने भुगतान न होने पर कलम बंद हड़ताल की । ब्लाक अध्यक्ष सुनीता देवी के नेतृत्व में तारावती ,कल्पना वर्मा , रंजीता , शालिनी , संगीता देवी , मायादेवी , प्रियंका , शिवानी ,निर्मला देवी सहित सैकड़ों आशा बहुवो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एकत्रित होते हुए धरना प्रदर्शन किया । सुनीता देवी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन देते हुए बताया कि अब तक उनके कार्यो का पूर्ण भुगतान नही किया गया ,हमारी बार बार मांगो व किये गए निवेदनों पर भी इसदिशा में कोई कार्यवाही नही की गई । यह हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक सभी आशा बहुओ व आशा संगिनी का बकाया भुगतान नही मिल जाता हड़ताल जारी रहेगी।

## अनियंत्रित बस खाई में पलटी दर्जनों यात्री हुए घायल

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के अलियार पुर गांव के पास गुरुवार सुबह 2 बजे दिल्ली से बनारस जा रही डबल डेकर बस आगे चल रही गोभी लदी पिकअप में टकराने से 20 फीट गहरे खाई में जाकर पलट गई जिसमें कुल 60 यात्री दिल्ली से बनारस जा रहे थे जिसमें से 21 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए पुलिस व यूपीडा की मदद से सभी घायलों को लखनऊ के लोग बंधु अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है।सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि कुल 60 यात्री थे 21घायल हुए हैं अन्य 40 यात्री सुरक्षित है,सभी घायलों को दूसरी बस से गंतव्य कर दिया गया है।

## रेलवे ट्रैक पर अज्ञात महिला का मिला शव

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कानपुर रायबरेली रेलमार्ग पर गुरुवार शाम लगभग 4 बजे पुलिस ने एक लगभग 35 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि शाम करीब 3:45 बजे थाना क्षेत्र के गांव रावतपुर के प्रधान छोटेलाल ने सूचना दी थी कि गांव के सामने रेलवे पटरी के पास पोल संख्या 161/3 और 161/2 के बीच एक महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों को बुलाकर शव की पहचान कराने का प्रयास किया गया, किंतु कोई भी व्यक्ति महिला की पहचान नहीं कर सका। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पहचान हेतु मर्चरी हाउस भेज दिया है।

## पुराने विवाद को लेकर वृद्ध की गोली मार की हत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गगनी खेड़ा गांव में एक 70 वर्षीय वृद्ध की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान हीरालाल के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। हीरालाल को गले में गोली लगी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना बुधवार देर रात हुई, जब कुछ लोगों से उनका विवाद हो गया। पुलिस के अनुसार, यह विवाद तीन महीने पहले हुए एक गोलीकांड से जुड़ा है। तीन माह पुराने गोलीकांड में आरोपियों के बच्चे की मौत हो गई थी। उस मामले में मृतक हीरालाल का बेटा आरोपी था और वर्तमान में जेल में बंद है। इसी पुरानी रंजिश के चलते यह हमला किया गया। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि सोनू, बाबू और राजकुमार नाम के तीन आरोपी हीरालाल के घर में घुस आए और फायरिंग शुरू कर दी। वहीं, मंटानी, गोविंद और मनोज नाम के अन्य आरोपी घर के बाहर से गोली चला रहे थे। एक गोली हीरालाल के गले में लगी, जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साक्ष्य संकलन के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। इंस्पेक्टर अजय सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला पुरानी रंजिश और खेत में बुवाई को लेकर हुए विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा, ͅघटना में नामजद सभी आरोपियों की तलाश की जा रही है। टीम गठित कर दबिश दी जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।͆ गांव में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। लेकिन बेटे के जेल जाने के बाद से उनके परिवार पर दबंगों का दबाव बना हुआ था।

## आगरा एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा पुलिया के नीचे गिरी दो बाइके तीन की मौत, एक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस लाइन से दो बाइक पर चार युवक सवार होकर जा रहे थे कि सर्विस लाइन पर बनी पुलिया के नीचे जा गिरे चारों युवक पुलिया के नीचे घायल अवस्था में पड़े हुए थे सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से चारों घायलों को सीएचसी औरास ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया तथा एक का इलाज अस्पताल में चल रहा है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया लखनऊ जनपद के काकोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जेहटा पकरिया चौराहा निवासी मोहित धीरेंद्र पुत्रगण सुरेश गौतम, भानु पुत्र गुड्डू व शनी पुत्र पप्पू गौतम यह बाइक से थाना क्षेत्र के अंतर्गत किसी काम के सिलसिले में आए हुए थे। और वापस अपने घर के लिए आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस लाइन से जा रहे थे जैसे ही औरास थाना क्षेत्र के बडा देवगांव के पास पहुंचे थे और जहां एक्सप्रेसवे की सर्विस लाइन की पुलिया के पास दो बाइक से चारों युवक रेस कर रहे थे और वह पुलिया के नीचे चले गए जहां चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने तीन युवक जिसमें मोहित, धीरेंद्र, भानु को मृत घोषित कर दिया मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया तथा सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा घायल युवक शनी का उपचार स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा एक का इलाज चल रहा है और मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## ससुरालीजनो ने युवक को पीट पीट कर उतारा मौत के घाट , मृतक का साले की पत्नी से था अफेयर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को युवक की पीट पीट हत्या कर दी गई उसे पिलर में बांध कर इतना पीटा की युवक बेहोश हो गया उसे अस्पताल ल लेकर गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया बताते चले कि युवक का मामला साले की पत्नी से अफेयर चल रहा था महिला के घर वालो ने उसे बात करने के बहाने बुलाया और उसे पकड़ कर उसे लाठी डंडे से बेहरमी से पीटा ग्राम बडौरा निवासी नरेंद्र उर्फ लाला प्राइवेट नौकरी करते थे परिवार में पत्नी और बच्चे थे नरेंद्र का अपने साले गंगा राम की पत्नी से अफेयर चल रहा था इसी बात को लेकर गंगा राम और उसके परिवार में काफी लंबे समय से रंजिश चली आ रही थी लगभग 3 बजे गंगा राम उसकी पत्नी वालेश्वरी भाई कमलेश भाभी नीलम ने नरेंद्र को घर बुलाया नरेंद्र को बेरहमी से चारो ने इतना पीटा की नरेंद्र बेहोश हो गया लोगो ने बीच बचाओ किया पर हमलावारो ने किसी की नही मानी परिजनों को जैसे ही घटना की सूचना मिली मौके पर पहुंचे पुलिस भी आ गई गंभीर हालत उसे से सी एच सी बिछिया ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया थाना प्रभारी अचलगंज राजेश पाठक ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और चारो आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया आरोपी अभी तक फरहार है थाना प्रभारी ने कहा जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जायेगी।

## इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती बनी मौत का कारण, तेलंगाना में फांसी लगाकर युवक ने दी जान

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती कभी-कभी जिंदगी पर भारी पड़ जाती है। उन्नाव के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पलिया निवासी 20 वर्षीय सूरज उर्फ भोला यादव की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद उसने तेलंगाना की एक महिला से प्रेम विवाह किया था, लेकिन अब उसकी मौत की खबर ने पूरे गांव को दहला दिया है जानकारी के अनुसार, करीब छह माह पूर्व भोला यादव की इंस्टाग्राम पर हैदराबाद निवासी एक युवती से दोस्ती हुई थी। युवती पहले से विवाहित थी और उसका एक बेटा भी है। दोस्ती बढ़ने के बाद भोला मई माह में हैदराबाद चला गया, जहां दोनों किराए के मकान में साथ रहने लगे। इस दौरान उसने अपने परिवार से लगभग संबंध तोड़ लिए थे।इधर भोला की बहन रेशमी की शादी 25 नवंबर को तय थी। पिता राजू यादव ने किसी तरह बेटे से संपर्क किया और बुलाने की बात कही, जिस पर भोला ने जल्द आने का वादा किया था। लेकिन बुधवार को परिवार को खबर मिली कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।तेलंगाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को एंबुलेंस से गांव भेज दिया है। गुरुवार शाम तक शव पहुंचने की संभावना है। इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, घर में मातम का माहौल है और पूरे गांव में घटना की चर्चा है।

## गणित ओलम्पियाड प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय के दो छात्र हुए उत्तीर्ण

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। गणित ओलम्पियाड में भवानीगंज स्कूल के दो छात्रों समेत कुल दस छात्रों को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभा का लोहा मनवाएगें। विकास खण्ड हिलौली के मुख्यालय मौरावां में बीते दिनों गणित ओलम्पियाड में परिषदीय विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। क्षेत्र के सभी उच्च प्राथमिक व कंपोजिट स्कूलों के श्रेष्ठ दो-दो छात्रों ने हिस्सा लिया था। आज घोषित परिणाम में कंपोजिट स्कूल भवानीगंज के दो छात्रों समेत टाप टेन छात्रों को जनपद स्तरीय परीक्षा में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। कंपोजिट चिलौली के छात्र शैलेंद्र को सर्वाधिक 25 अंक, जूनियर करदहा के छात्र सुधीर कुमार व भवानीगंज के अनुराग को संयुक्त रूप से 24-24 अंक मिले जबकि तीसरे स्थान पर भवानीगंज की छात्रा प्रतिमा को 23 अंक मिले। भवानीगंज के प्रधान शिक्षक कमलेश कुमार ने अपने विद्यालय की सफलता का श्रेय अपने गणित शिक्षक शिवम चौरसिया और दोनों छात्रों की मेहनत को दिया। अन्य सफल छात्रों में कंपोजिट बेहटा से दिव्या, जूनियर चंदनखेड़ा से उदयप्रताप सिंह, गुलरिहा कंपोजिट से अहम कुमार, लउवा सिंहनखेड़ा से अल्ताफ हुसैन, चांदीखेड़ा से शिवपाल व लोहली स्कूल से पलक को सफलता मिली। आपको बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान छात्रों को अपनी क्षमता निखारने का अवसर मिलेगा। खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार व एआरपी विनोद कुमार ने सफल छात्रों को बधाई दी है।

## सम्पादकीय

# जीत के पीछे तपस्या, कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता

यह कहावत पूरी तरह से सच है कि कामयाबी के पीछे तपस्या, यानी कड़ी मेहनत, समर्पण व दृढ़ता होती है। सफलता आसानी से नहीं मिलती, बल्कि इसके लिए स्पष्ट लक्ष्य, सही योजना, लगातार प्रयास और असफलताओं से सीखने की जरूरत होती है। किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत से जुट जाना जरूरी है। यही किया है भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने। अपनी कड़ी मेहनत और लगन से टीम ने 52 साल बाद विमेंस वनडे वर्ल्ड कप जीत लिया है। रविवार को मुंबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत की लड़कियों ने साउथ अफ्रीका को 52 रनों से हराया। ये वो टीम है, जिसके हर खिलाड़ी की कहानी प्रेरणा देती है। किसी के माता-पिता ने दिहाड़ी मजदूरी कर बेटी को क्रिकेटर बनाया है तो किसी के पैरेंट्स सरकारी जॉब में रहे हैं। किसी के पिता ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं तो किसी के घरवाले सब्जी बेचते रहे हैं, लेकिन इन बेटियों ने अपने खुद के हौसले के दम पर नई उड़ान भरी है। फाइनल मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच रही शेफाली वर्मा रोहतक की रहने वाली हैं। इनके पिता ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं और मां गृहणी हैं। रेणुका सिंह की मां दर्जा चार की कर्मचारी हैं। राधा यादव के पिता सब्जी बेचते हैं। उमा छेदी के माता-पिता दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। अब इनकी लाड़लियों ने अपने जज्बे से नया इतिहास लिख दिया है। विश्व चैंपियन बनने के पीछे केवल खिलाड़ियों का ही नहीं, बल्कि माहौल और सुविधाओं का भी अहम योगदान रहा है, जो बीसीसीआई ने उन्हें उपलब्ध करवाईं। वो समय था जब भारत का महिला क्रिकेट इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज से बहुत पीछे था, लेकिन विमेंस प्रीमियर लीग की शुरुआत के बाद हालात बदल गए। जय शाह से पहले सभी बीसीसीआई अध्यक्ष इसे शुरू करने का प्लान ही बनाते रह गए, शाह ने इसकी शुरुआत 2023 में कर दी। ऐसे प्लेटफॉर्म पर युवा और घरेलू प्लेयर्स को विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलने और सीखने का मौका मिलता है। इतना ही नहीं, प्लेयर्स एक महीने तक इंटरनेशनल लेवल की ट्रेनिंग, बेहतर कोच और प्रेशर सिचुएशन का सामना करने लगीं, जिसका फायदा इंडिया विमेंस टीम को भी मिला। इन्हीं मुकाबलों से टीम इंडिया को यास्तिका भाटिया, श्रेयांका पाटील, अमनजोत कौर, श्री चरणी, क्रांति गौड़ जैसी युवा और आक्रामक प्लेयर्स मिलीं। यास्तिका और श्रेयांका इंजरी के कारण वर्ल्ड कप का हिस्सा नहीं बन सकीं, लेकिन बाकी प्लेयर्स ने भारत को फाइनल में पहुंचाने में अहम योगदान दिया। इस जीत के पीछे टीम के कोच का भी अहम रोल रहा। विश्व कप जीत के बाद जैसे ही हेड कोच अमोल मजूमदार सामने आए, वैसे ही हरमनप्रीत ने दोनों हाथों से उनके पैर छुए। जो बताता है कि टीम को इस मुकाम तक पहुचाने में उनका कितना योगदान रहा है। वैसे भी अनेक खिलाड़ियों ने भी इस विश्व कप को अमोल मजूमदार द्वारा बनाई गई रणनीति की ही जीत बताया है। हालात जो भी हों भारत की बेटियों ने 2 नवंबर 2025 के दिन को इतिहास के पन्नों में अमर कर दिया है। भारतीय महिला टीम ने वो कारनामा किया जो 1983 में कपिल देव की टीम ने किया था। किसी ने भी मुकाबले की शुरूआत में नहीं सोचा था कि टीम इंडिया विश्व चैंपियन बनेगी, लेकिन हमारी बेटियों ने आखिरकार वह कर दिखाया। जिससे पूरा देश गौरवान्वित और सम्मानित मसूस कर रहा है।

# स्त्री क्रिकेट का अविस्मरणीय समय



विजेता
विकेश कुमार बडोला

भारत को स्त्री विश्व क्रिकेट की निर्णायक प्रतियोगिता में विजय प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि पूरे 52 वर्ष मिली है। यह भारतीय स्त्री क्रिकेट के लिए एक अविस्मरणीय समय है। किंतु इस उपलब्धि की अतिप्रसन्नता एवं आत्ममुग्धता खिलाड़ियों पर हावी नहीं होनी चाहिए। संभवतः यही कारण रहा था अथवा निर्णायक प्रतियोगिता का दबाव-तनाव जो हरमनप्रीत एवं स्मृति ने अति सुरक्षात्मक होकर दब्बू बनकर बल्लेबाजी की तथा परिणामस्वरूप दोनों देर तक भी नहीं खेलीं एवं अधिक गेंदें खर्च करके कम रन बनाकर बाहर हो गईं। भविष्य में ऐस दबाव से बचा जाना चाहिए।

यह पहली बार है जब भारतीय स्त्रियों ने क्रिकेट की विश्व-प्रतियोगिता में उल्लेखनीय विजय प्राप्त की है। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल क्रिकेट स्टेडियम में 2 नवंबर को खेली गई वन डे क्रिकेट प्रतियोगिता स्त्री-क्रिकेट के दृष्टिकोण से एक विहंगम प्रतियोगिता थी। विश्व में जब से स्त्री-क्रिकेट का प्रारंभ हुआ है तब से लेकर रविवार तक कभी भी महिलाओं की क्रिकेट प्रतिस्पर्द्धा देखने स्टेडियम में इतनी अधिक संख्या में दर्शक एकत्रित नहीं हुए। पूरा स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था। इतना ही नहीं, जियो हॉटस्टार पर उक्त प्रतियोगिता का सजीव प्रसारण विजयी क्षण तक विश्वभर के 30 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा। रविवार को ही स्त्री-क्रिकेट की इस निर्णायक प्रतियोगिता के आरंभ होने से पूर्व ऑस्ट्रेलिया के होबॉर्ट में भारत-ऑस्ट्रेलिया के मध्य टी-20 की एक पुरुष-क्रिकेट प्रतियोगिता भी खेली गई थी। हालांकि इस प्रतिस्पर्द्धा में भी भारत की विजय हुई, किंतु जियो हॉटस्टार पर इसकी प्रसारणावधि में इसे देखने वाले मात्र 16 करोड़ दर्शक ही थे। अब जब स्त्री-क्रिकेट में भारत विश्वविजेता बन चुका है तथा स्त्रियों की क्रिकेट क्रीड़ा देखने प्रत्यक्ष रूप में स्टेडियम पर व अप्रत्यक्ष रूप में सजीव प्रसारण मंचों पर देशी-विदेशी दर्शकों की संख्या करोड़ों में पहुंच रही है, तो विश्वविजयी प्रतियोगिता में भारतीय स्त्रियों के सामूहिक एवं व्यक्तिगत योगदान पर विचार-विमर्श अनिवार्य हो जाता है।

चिरप्रतीक्षित स्त्री विश्व क्रिकेट की अंतिम व निर्णायक प्रतिस्पर्द्धा निर्धारित समय पर आरंभ नहीं हो सकी थी। दक्षिण भारत में परिव्याप्त मोंथा चक्रवात के प्रभाव में महाराष्ट्र भी था और प्रतियोगिता आरंभ होने से ठीक पूर्व नवी मुंबई के डीवाई पाटिल क्रिकेट स्टेडियम पर भी वर्षा होने लगी थी। इस कारणवश प्रतियोगिता विलंब से आरंभ हुई। यह आनंद का समाचार था कि प्रतियोगिता में दोनों प्रतियोगी दल निर्धारित पचास-पचास ओवर की ही क्रीड़ा करेंगे। टॉस दक्षिण अफ्रीकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड ने जीता और पहले बॉलिंग करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित भारतीय टीम ने हालांकि संतुलित और धैर्यपूर्ण ढंग से बल्लेबाजी आरंभ की और भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने क्रमशः 87 व 45 रन बनाए। जैसे-जैसे प्रतियोगिता आगे बढ़ती रही भारतीयों द्वारा छोटी-छोटी साझेदारियां बनती रही और नियमित अंतराल में बल्लेबाज आउट भी होती रहीं। इस निर्णायक प्रतिस्पर्द्धा से पूर्व ऑस्ट्रेलिया के साथ हुई स्पर्द्धा में अग्र बल्ला प्रदर्शनकारी शतकधारी जेमिमा रोड्रिग्स और दल नायिका हरमनप्रीत कौर क्रमशः 24 व 20 रन बनाकर बाहर हो गईं। इसके बाद दीप्ति शर्मा (58 गेंद पर 58 रन) ने पहले अमनजौत कौर (12) और फिर ऋचा घोष (26 गेंद पर 34 रन) के साथ छोटी-छोटी साझेदारियां करके भारत के रन 298 तक पहुंचाए। जहां भारतीय बल्लेबाज शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा एवं ऋचा घोष ने कम गेंद खेलकर उपयोगी रन बनाए, वहीं हरमनप्रीत कौर एवं स्मृति मंधाना ने क्रमशः कप्तान व उप कप्तान के रूप में अधिक गेंदें व्यर्थ करके कम रन बनाए। इस कारण भारत की रन गति में होती रही एक नियमित वृद्धि बार-बार रुकती रही। यदि हरमनप्रीत एवं



स्मृति ने अपनी खेली हुई गेंदों के बराबर भी रन बनाए होते तो भारत के कुल रन अंक सवा तीन सौ के निकट होते। यदि भारत इस प्रतिस्पर्द्धा में पराजित होता तो पराजय के दो अग्रणी दोषियों के रूप में हरमनप्रीत एवं स्मृति तथा द्वितीयक दोषी के रूप में राधा यादव की गणना अवश्य होती।

भारतीय रन 298 को पार करने मैदान में उतरी दक्षिण अफ्रीका टीम ने भी मजबूत बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। अफ्रीकी दल नायिका लौरा वोल्वार्ड एवं ताजमिन ब्रिट्स ने उल्लेखनीय पारी खेलीं। लौरा ने प्रतिस्पर्द्धा के लगभग अंत तक संघर्ष किया कप्तान के रूप में अपेक्षित प्रदर्शन करते हुए 101 रन बनाए। शतक बनाने में उन्होंने सौ से कम गेंदें खेलीं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से ब्रिट्स (23), सुने लुस (25) एवं एनेरी डर्कसन (35) ही दहाई के अंक में रन बना सकीं। गेंदबाजी में सर्वाधिक विकेट दीप्ति शर्मा ने लिए। उन्होंने 9.3 ओवर में 39 रन देकर 5 विकेट लिए। इसके बाद शेफाल वर्मा ने 7 ओवर में 36 रन देकर 2 महत्त्वपूर्ण विकेट लिए। भारत की ओर से तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने हालांकि कोई विकेट नहीं लिया, किंतु उनकी गेंदबाजी ने सबसे कम रन दिए। उन्होंने 8 ओवर में मात्र 28 रन दिए। इसके बाद श्री चरणी भी अपने सातवें ओवर तक अति मितव्ययी गेंदें फेंक रही थीं। यदि उनके अंतिम दो ओवरों में एनेरी डर्कसन चौके-छक्के नहीं लगाती तो वे भी अपने कुल 9 ओवरों में 48 रन न देकर रेणुका के बराबर ही मितव्ययी होतीं। चरणी ने एक विकेट भी लिया। गेंदबाजी में अमनजोत कौर एवं राधा यादव का प्रदर्शन निराशाजनक था। क्रांति गौड मात्र 3 ओवर फेंक पाई, जिसमें उन्होंने 16 रन दिए। पहले 87 रन बनाने और बाद में कम रन देकर 2 विकेट प्राप्त करनेवाली शेफाली वर्मा को निर्णायक प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। ध्यान रहे कि भारतीय प्रथम बल्लाधारकों में से एक प्रतिका रावल के पैर में गंभीर चोट लगने के कारण उप-निर्णायक एवं निर्णायक प्रतियोगिता में ही शेफाली वर्मा को आपातिक स्थिति में भारतीय स्त्री क्रिकेट दल में सम्मिलित किया गया था। स्त्री क्रिकेट की इस विश्व प्रतियोगिता में पूरी श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में दीप्ति शर्मा का चयन किया गया। उन्होंने सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यह पुरस्कार प्राप्त किया। बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी या फिर क्षेत्ररक्षण तीनों ही स्तर पर उनके परिणामोन्मुखी प्रदर्शन ने उन्हें श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी होने का गौरव प्रदान किया। यदि विश्व प्रतियोगिता के निर्णायक संघर्ष में प्राप्त सफलता के सबसे बड़े कारण को देखें तो यह भारतीय दल का सामूहिक चहुंदिश प्रदर्शन था, इसमें सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण रहा क्षेत्ररक्षण। बल्लेबाजी में हरमनप्रीत, स्मृति, अमनज्योत, जेमिमा एवं राधा ने यद्यपि अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, किंतु क्षेत्ररक्षण में सभी का योगदान उल्लेखनीय रहा। इसी प्रकार गेंदबाजी में जहां अमनज्योत एवं राधा का प्रदर्शन विफलता का कारक हो सकता था, वहीं क्षेत्ररक्षण में दोनों का प्रदर्शन अति परिश्रमपूर्ण रहा। इसी दल भावना की शक्ति द्वारा अंततः भारत को स्त्री विश्व क्रिकेट की निर्णायक प्रतियोगिता में विजय प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि पूरे 52 वर्ष बाद प्राप्त हुई है। यह भारतीय स्त्री क्रिकेट के लिए एक अविस्मरणीय समय है। किंतु इस उपलब्धि की अतिप्रसन्नता एवं आत्ममुग्धता खिलाड़ियों पर हावी नहीं होनी चाहिए। संभवतः यही कारण रहा था अथवा निर्णायक प्रतियोगिता का दबाव-तनाव जो हरमनप्रीत एवं स्मृति ने अति सुरक्षात्मक होकर दब्बू बनकर बल्लाकारिता की तथा परिणामस्वरूप दोनों देर तक भी नहीं खेलीं एवं अधिक गेंदें व्यय करके कम रन बनाकर बाहर हो गईं। भविष्य में इससे बचा जाना चाहिए।

## वायु प्रदूषण

डॉ. नीलू तिवारी



# भविष्य की जरूरतों को पूरा करेगी हरित ऊर्जा

हाल ही में दिल्ली, मुंबई और लखनऊ जैसे शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 14 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों के कारण होती हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या विकास की कीमत प्रदूषण होनी चाहिए? क्या आधुनिक भारत प्रदूषण की छाया में ही आगे बढ़ेगा? इन्हीं सवालों का उत्तर खोजते हुए भारत ने एक नई दिशा अपनाई हरित ऊर्जा की ओर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 नवम्बर 2021 को ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन–सीओपी26 के दौरान जब पंचामृत संकल्प की घोषणा के तहत वर्ष 2070 तक "नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन" लक्ष्य रखा, तो उन्होंने यह स्पष्ट कहा था कि भारत विकास करेगा पर प्रकृति के साथ। इसी दृष्टिकोण ने भारत को जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) पर निर्भरता से मुक्त कर हरित ऊर्जा की राह पर आगे बढ़ाया है। मोदी सरकार की प्रमुख पहल प्रधानमंत्री सौर घर मुफ्त बिजली योजना ने आम जनता को इस परिवर्तन का सहभागी बनाया है। इस योजना के तहत लाखों परिवारों ने अपने घरों की छतों पर सौर पैनल लगवाए हैं। नतीजा यह है कि अब वे हर महीने 200-300 यूनिट मुफ्त बिजली पा रहे हैं और अतिरिक्त बिजली बेचकर आय भी अर्जित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के झांसी जिले की गृहिणी बताती हैं कि पहले हर महीने बिजली का बिल देना पड़ता था। अब सौर पैनल से घर चल रहा है और 1500 रुपये की बचत भी हो रही है। यह उदाहरण बताता है कि हरित ऊर्जा केवल पर्यावरण के लिए नहीं, बल्कि आम नागरिक के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए भी वरदान है। सौर ऊर्जा केवल घरों तक सीमित नहीं रही। अब गांवों में स्कूल, पंचायत भवन और छोटे उद्योग भी सौर बिजली से चल रहे हैं। राजस्थान का भड़ला सौर पार्क, जो 14,000 एकड़ में फैला है, दुनिया का सबसे बड़ा सौर पार्क है।

हरित ऊर्जा का दूसरा मजबूत स्तंभ है पवन ऊर्जा। तमिलनाडु और गुजरात जैसे राज्य अब देश की बिजली जरूरतों का बड़ा हिस्सा हवा से पैदा कर रहे हैं। 2025 में शुरू हुई ऑफशोर विंड एनर्जी योजना के तहत समुद्र तटों पर विशाल टरबाइन लगाए गए हैं, जिनसे 15 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है। यह न केवल स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन का उदाहरण है, बल्कि इससे तटीय इलाकों में रोजगार और पर्यटन के अवसर भी बढ़े हैं। वहीं, भारत ने हरित हाइड्रोजन मिशन के जरिए विश्व को चौंका दिया है। 2030 तक भारत पांच मिलियन टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य लेकर चल रहा है। गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु में बड़े संयंत्रों की स्थापना हो चुकी है। इसका उपयोग भविष्य में रेलवे, उद्योग और जहाजरानी में किया जाएगा। यह पहल न केवल जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाएगी, बल्कि भारत को स्वच्छ ऊर्जा निर्यातक राष्ट्र बनाएगी।

हरित ऊर्जा का एक और बड़ा अध्याय है इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम। इस कार्यक्रम से पेट्रोल में इथेनॉल मिलाया जा रहा है, ताकि प्रदूषण घटे और विदेशी तेल पर निर्भरता कम हो। पहले जहां पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा केवल 1.5 प्रतिशत थी, वहीं अब यह 12 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के गन्ना किसान अब अपनी फसलों से ईंधन तैयार कर रहे हैं। महाराष्ट्र की महिला किसान बताती हैं कि इथेनॉल उत्पादन के लिए उनका गन्ना अब बड़ी कंपनियों को बेचा जाता है और उन्हें पहले से अधिक आमदनी हो रही है। यह उदाहरण दर्शाता है कि हरित ऊर्जा ग्रामीण भारत में भी आर्थिक क्रांति ला रही है। अगर किसानों की बात करें तो मोदी सरकार की कुसुम योजना ने ग्रामीण जीवन को नई दिशा दी है। अब तक देशभर में 35 लाख से अधिक सौर पंप लगाए जा चुके हैं। पहले जो किसान बिजली कटौती और डीजल खर्च से परेशान थे, अब वे सौर ऊर्जा से दिन-रात खेती कर पा रहे हैं। राजस्थान के टोंक जिले में किसान बताते हैं कि पहले महीने में 2000 रुपये का डीजल खर्च होता था, अब वही पैसा बच रहा है और सौर पंप से बिना रुकावट सिंचाई हो रही है।

# जानिए कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित

**दर्शन**

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।

# धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित

**प्रेरणा**

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गांव में घूमते हुए काफी देर हो गई थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गांव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गांव में अंदर गया तो उसने देखा वहां एक नदी थी जहां बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहां नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गई और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

## गुलदाउदी की बहार



श्रीनगर में गुलदाउदी गार्डन में घूमते हुए लोग, जिसे बाग-ए-गुल-ए-दाऊद के नाम से भी जाना जाता है।

## आज की पाती

### धन और अन्न शादियों में बर्बाद न करें

त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। कुछ समय पहले शादियों में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी कृष्णा तीरथ ने सुझाव दिया था कि उनके अनुसार चाय और नमकीन में भी फेरे लेकर विवाह की रस्म निभाई जा सकती है। इसके लिए लाखों रुपए फूंकने की क्या जरूरत है। जो कि बहुत ही सराहनीय है। अमीर लोगों को तो लाखों रुपए खर्च करने से तो कोई फर्क नहीं पड़ता है। गरीब अगर विवाह समारोहों में लाखों खर्चा करने लग पड़ेगा तो वो सारी जिंदगी गरीबी की दलदल में धंस जाएगा। *- विशेष अग्रवाल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### हार्दिक बधाई



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सभी सदस्यों को विश्व कप जीतने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने पहली बार जीत हासिल करके इतिहास रच दिया। वे अच्छा खेल रही हैं और आज उन्हें अपनी प्रतिभा और प्रदर्शन के अनुरूप परिणाम मिला है।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### तीन बंदर



आज इंडिया गठबंधन के तीन और बंदर आ गए हैं- पप्पू, टप्पू और अप्पू... पप्पू सच बोल नहीं सकता, टप्पू अच्छा देख नहीं सकता, अप्पू सच सुन नहीं सकता। इसके बावजूद ये लोग उम्मीद कर रहे हैं कि जनता इन पर भरोसा करेगी।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी

### ऐतिहासिक जीत



यह एक जीत ऐतिहासिक है, भारत के लिए और भारत की औरतों के लिए। आज हमने अपनी महिला क्रिकेट टीम के लिए वही जोश, वही आंसू और वही जश्न मनाया, जो हम अपनी पुरुष टीम के लिए मनाते आए हैं। 60 मिलियन से ज्यादा लोगों ने मैच देखा, एक देश, एक इमोशन, एक जज्बा।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### अदम्य इच्छाशक्ति



भारतपुत्रियों ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, अविचल धैर्य और अविराम पुरुषार्थ से वह विजयगाथा अंकित की है, जो लंबे समय तक भारत की स्मृति में अक्षय कीर्तिलेख रूप में प्रतिष्ठित रहेगी।

-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि

## करंट अफेयर

# हेगसेथ ने दक्षिण व उत्तर कोरिया का किया दौरा



अमेरिक के रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने सोमवार को उत्तर और दक्षिण कोरिया के सीमा पर स्थित असैन्यीकृत क्षेत्र का दौरा किया। इसके साथ ही उन्होंने सुरक्षा वार्ता के लिए अपने सहयोगी दक्षिण कोरिया की दो दिवसीय यात्रा की भी शुरुआत की। हेगसेथ और दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्री आहन ग्यू-बैक को निगरानी चौकी में सैन्य अधिकारियों ने स्थिति की जानकारी दी। यह चौकी सैन्य सीमांकन रेखा के पास है, जहां का दौरा अमेरिका के कई राष्ट्रपति कर चुके हैं जिनमें 2019 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हैं। हेगसेथ और बैक ने पनमुनजोम सीमावर्ती गांव का भी दौरा किया,

## ऑफ बीट

# महिलाएं घर में 427 अरब डॉलर का अवैतनिक श्रम करती है



ऑस्ट्रेलिया में लोग खाना पकाने, घर की साफ-सफाई और परिवार के सदस्यों की देखभाल जैसे अवैतनिक कार्यों में हर साल हजारों घंटे बिता देते हैं, जो अर्थव्यवस्था को बांधे रखने वाला एक अहम सूत्र है। लेकिन उन्हें आधिकारिक आर्थिक आंकड़ों में कोई मान्यता नहीं दी जाती। नया अध्ययन अर्थव्यवस्था में इस अवैतनिक श्रम के योगदान पर प्रकाश डालता है, जिसे 688 अरब अमेरिकी डॉलर के आसपास आंका गया है। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है और इसमें अधिकांश योगदान महिलाओं का है। रोजाना औसतन 3 घंटे 56 मिनट घरेलू कामों में बीतते हैं।

## संक्षेप

### बिरसिंहपुर अस्पताल की बदहाली पर आप का प्रदर्शन

**एडी स्वास्थ्य अयोध्या को भेजे 420 रुपये, भ्रष्टाचार के विरोध में मांगा थी भिक्षा**

सुलतानपुर, आम आदमी पार्टी (आप) ने बिरसिंहपुर स्थित 100 शैय्या संयुक्त अस्पताल की बदहाली और स्वास्थ्य सेवाओं में भ्रष्टाचार के विरोध में 'भिक्षाटन कार्यक्रम' आयोजित किया। पार्टी कार्यकताओं ने जनता से 420 रुपए एकत्र कर मंगलवार को अयोध्या मंडल के ए.डी. हेल्थ को भेजे हैं। यह कार्यक्रम बीते आयोजित किया गया था, जिसमें आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने सड़क पर उतरकर जनता से भिक्षा स्वरूप 420 रुपये जुटाए। मंगलवार को इस राशि का डिमांड ड्राफ्ट बनवाकर ए.डी. हेल्थ अयोध्या मंडल को भेजा गया। आम आदमी पार्टी छात्र विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप यादव ने बताया कि यह प्रतीकात्मक कदम सरकार और स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर व्यंग्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में न दवाइयां हैं और न ही डॉक्टरों की पर्याप्त व्यवस्था है, जबकि अधिकारियों का भ्रष्टाचार और उपेक्षा स्पष्ट दिखती है। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने चेतावनी दी है कि यदि अस्पताल की स्थिति में जल्द सुधार नहीं हुआ, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

### स्टार हॉस्पिटल के डॉक्टर पर 5.05 लाख का जुर्माना

**सुल्तानपुर में महिला की मौत पर लापरवाही सामने आई, उपभोक्ता आयोग ने कार्रवाई की**

सुलतानपुर, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने चिकित्सा लापरवाही के एक मामले में सख्त फैसला सुनाया है। आयोग ने एक निजी अस्पताल के डॉक्टर को दोषी ठहराते हुए मृतका के परिजनों को 5.05 लाख की क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है। यह निर्णय आयोग के अध्यक्ष राम लखन सिंह चन्द्रौल और सदस्य भारत भूषण तिवारी की पीठ ने दिया है। यह मामला मोतिगरपुर थाने के पठखौली निवासी संदीप पाठक और उनकी पत्नी स्वर्गीय रुचि पाठक से संबंधित है। परिवादी संदीप पाठक और उनकी बहन सोनिया पाठक के अनुसार, 4 फरवरी 2020 को उनकी माता निखिलेश, गर्भवती रुचि पाठक को नियमित जांच के लिए जिला महिला चिकित्सालय सुल्तानपुर लाई थीं।

### टीबी होने का बहाना बनाकर विवाहिता को घर से निकाला

**5 लाख और दहेज की नई मांग पर ससुरालवालों ने रोका प्रवेश, केस दर्ज**

सुलतानपुर, एक विवाहिता ने अपने ससुरालवालों पर मारपीट और दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि टीबी होने का झूठा बहाना बनाकर उसे घर से निकाल दिया गया। उसने महिला थाने में पति और ससुरालवालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सैफुल्लागंज निवासी हसरत जहां की शादी 20 अप्रैल 2025 को कुछमुछ निवासी नदीम अहमद से मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। हसरत के पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। लेकिन शादी के बाद सास शहनाज और ननद सूबी ने हसरत को टीबी से ग्रसित बताकर अलग कर दिया।

# रूपईडीहा पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ , दो घायल, चार गिरफ्तार

## चोरी के जेवरात और नकदी बरामद

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। रूपईडीहा पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस चार अंतर्जनपदीय बदमाशों को गिरफ्तार किया है जिसमें दो पुलिस की गोली से घायल हो गए है। चोरों के पास से चोरी के जेवरात और नकदी भी बरामद हुआ है ।जनपद बहराइच में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और चोरी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी व चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को थाना रूपईडीहा पुलिस को बड़ी सफलता मिली ।अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कोदरैला व नौव्वागांव में हुई चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधी आज फिर से चोरी की योजना बनाकर लखैया रोड, ग्राम सहाबा की तरफ आने वाले हैं ।सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी की। कुछ ही देर बाद सामने से आती हुई एक ईको वैन को रोकने का प्रयास किया गया तो उसमें सवार बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए आत्मरक्षा में फायर किया, जिसमें दो बदमाश मुनौव्वर खान पुत्र ईदा निवासी सिसैया खुर्द, थाना धौरहरा जनपद खीरी एवं जोखेलाल उर्फ चोखे पुत्र रामदत्त निवासी दामो बेहड़, थाना ईसानगर जनपद खीरी के पैर में गोली लगी। पुलिस ने मौके से दोनों घायल बदमाशों के साथ दो अन्य अपराधियों छोटेलाल उर्फ छोटन पुत्र सकुई निवासी सिंघोड़ा, थाना ईसानगर जनपद खीरी तथा मोहम्मद बाबू पुत्र मोसद्दीन निवासी सिसैया, थाना धौरहरा जनपद खीरी (वैन चालक) को भी दबोच लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से दो अवैध तमंचे 315 बोर, दो खोखे, दो जिंदा कारतूस, करीब 45 हजार रुपये नकद, चोरी के जेवरात और अन्य सामान बरामद किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के जेवरात खरीदने वाले विजय सोनी पुत्र महेश कुमार सोनी निवासी शिवपुर बाजार, थाना खैरीघाट, बहराइच को ग्राम लखमईया के पास से गिरफ्तार किया गया। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक बहराइच ने पूरी टीम को सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा की।

# ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष बने विनोद सिंह

## प्रांतीय अध्यक्ष सुभाष पांडे ने पद एवं गोपनीयता की दिलाई शपथ

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल




बहराइच। ग्राम विकास अधिकारी संघ उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बहराइच का द्विवार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम विकासखंड तेजपुर के ब्लॉक सभागार में प्रांतीय अध्यक्ष सुभाष चंद्र पांडे की अगुवाई में आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष के पद पर विनोद सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुमार आशुतोष जिला मंत्री आनंद विक्रम, प्रांतीय प्रतिनिधि स्वपनिल मनी सोनकर, कोषाध्यक्ष सौजन्य कुमार मिश्रा, संगठन मंत्री कृष्ण मोहन त्रिपाठी, संयुक्त मंत्री राजकमल, संप्रेक्षक आशुतोष मिश्रा, उप मंत्री मोहम्मद अकदस, मीडिया प्रभारी कृष्ण श्रीवास्तव, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती मांडवी वर्मा निर्वाचित हुए यह निर्वाचन में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। वही मार्गदर्शक मंडल में सोमनाथ शर्मा, विजय भान सिंह, संरक्षक मंडल में नरेंद्र कुमार मिश्रा व अजय त्रिपाठी को दायित्व सौंपा गया ।निर्वाचित हुए सभी पदाधिकारी को प्रांतीय अध्यक्ष सुभाष पांडे के द्वारा शपथ दिलाई गई। इस मौके पर काफी संख्या में ग्राम विकास अधिकारी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# साइबर अपराध के प्रति सचेत करना मुख्य उद्देश्यः रणजीत यादव

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। थाना प्रभारी रणजीत यादव साइबर क्राइम थाना बहराइच के नेतृत्व में द्वारा बुधवार को साइबर जागरूकता अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी साइबर के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्र भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा थाना नवाबगंज क्षेत्र स्थित होलिया घाट पौराणिक कार्तिक पूर्णिमा मेला में आये हजार लोगों को मोबाइल फोन व सोशल मीडिया पर बने आई-डी को टू-स्टेप वेरीफिकेशन व मोबाइल में इंस्टाल महत्वपूर्ण एप्स में कठिन पासवार्ड लगाने तथा मोबाइल में आने वाले लिंक्स व एपीके फाइल्स से बचने व अन्य साइबर फ्रॉड इत्यादि से बचाव हेतु एवं उच्च अधिकारियो द्वारा प्राप्त निर्देशों से भली भांति अवगत कराकर जागरूक किया गया व स्वयं के साथ-साथ अपने आस-पास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें की अपील की गई ।साइबर फ्राड से बचने के लिये व साइबर फ्राड होने पर नेशनल क्राइम रिपोटिंग पोर्टल के हेल्पलाइन नं0 1930 व ऑफीशियल वेवसाइट साइबरक्राइम डॉट गवर्नमेंट डॉट इन के प्रयोग के बारे में विधिवत जानकारी साझा की गई। इस बावत प्रभारी रणजीत यादव ने बताया कि इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता को साइबर अपराधों के प्रति सचेत करना और उन्हें बचाव के उपायों से अवगत कराना था ।इस अवसर पर महिला आरक्षी रीना शुक्ला मौजूद रही।

# जिले में चल रही आउटसोर्स भर्ती में आया नया मोड, भर्ती विवादो के घेरे में

## जिला विद्यालय निरीक्षक ने सेवा प्रदाता कंपनी से मांगा स्पष्टीकरण

### भर्ती में अनमियता के खिलाफ दिये जांच के आदेश

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रदेश में आउटसोर्सिंग के माध्यम से चल रही कर्मचारी भर्ती में सेवा प्रदाता कंपनियां किस तरह से अनियमितता करके विभाग और अभ्यर्थियों का शोषण कर रहे हैं इसका जीता जागता प्रमाण जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा सेवा प्रदाता कंपनी से स्पष्टीकरण मांगे जाने के बाद सामने आया है ।वही ग्रामीण अब तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं । चर्चा है कि सेवा प्रदाता कंपनी भर्ती में कहीं पैसों का खेल तो नहीं खेल रही है जो नियमों को ताख पर रखकर मनमानी तरीके से भर्ती करना चाहती थी। जिसकी विभाग को भी किसी प्रकार की भनक नहीं लगने दी ।जिले के माध्यमिक विद्यालयों के लिए आउटसोर्स के माध्यम से कार्मिकों की भर्ती को लेकर विवाद खड़ा हो गया है ।डीआईओएस सर्वदानंद ने लखनऊ स्थित सेवा प्रदाता बालाजी एंटरप्राइजेज को पत्र जारी कर दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। डीआईओएस ने कंपनी पर यह आरोप लगाया है कि उसने विभाग को गलत सूचना देकर भ्रामक स्थिति उत्पन्न की है और विभाग की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है। डीआईओएस ने बताया कि बालाजी एंटरप्राइजेज द्वारा 23 अक्तूबर को यह सूचना दी गई थी कि सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से माध्यमिक स्कूलों में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्राप्त कर लिए गए हैं और इन अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 24 अक्तूबर को गलत सूचना देने का आरोप लखनऊ की सेवा प्रदाता कंपनी पर राजकीय इंटर कॉलेज, बहराइच में आयोजित किया जाएगा। डीआईओएस ने बताया कि सेवा प्रदाता कंपनी की ओर से पत्र 23 अक्तूबर की शाम 4:09 बजे सार्वजनिक अवकाश चित्रगुप्त जयंती के दिन ईमेल से प्राप्त हुआ था, जिसकी जानकारी अगले दिन कार्यालय खुलने पर मिली। अब सवाल यह उठ रहा है कि साक्षात्कार संबंधी सूचना डीआईओएस कार्यालय में पहले कब और कैसे पहुंची। इस पर डीआईओएस ने सेवा प्रदाता कंपनी से दो दिनों में लिखित रूप से साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा है। पत्र में यह भी उल्लेख है कि सेवा प्रदाता कंपनी द्वारा आवेदन प्रक्रिया में नियमों का पालन नहीं किया गया। शासनादेश के अनुसार आवेदन की अवधि न्यूनतम 15 दिन और अधिकतम 20 दिन निर्धारित है, जबकि कंपनी ने केवल 7 दिनों 11 से 17 अक्तूबर तक ही आवेदन स्वीकार किए। इसके अलावा प्रमुख दो समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित न कराने और पर्याप्त प्रचार-प्रसार न होने की शिकायतें भी अभ्यर्थियों ने की हैं। डीआईओएस ने कहा कि पारदर्शी प्रक्रिया अपनाना सेवा प्रदाता कंपनी की जिम्मेदारी है। इस नियम के तहत एक पद के लिए पांच अभ्यर्थियों को बुलाने और रिक्तियों की सूचना व्यापक माध्यमों से देने का प्रावधान है। डीआईओएस ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिनों में साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए तो यह माना जाएगा कि सेवा प्रदाता कंपनी ने जानबूझकर गलत जानकारी दी है, इसके लिए उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सेवा प्रदाता कंपनी की तरह की जा रही अनियमितता से जनपद में लोग तरह-तरह की चचाएं कर रहे हैं।

# विहान बालिका आवासीय विद्यालय में आयोजित दंत चिकित्सा शिविर




अमन लेखनी समाचार

बहराइच। सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी ने बताया कि विहान बालिका आवासीय विद्यालय बहराइच में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित डेंटल कैम्प में डॉ. तेजसी द्वारा पैरा मेडिकल स्टाफ के साथ छात्राओं के दांतों की जांच की गई व दांतों को सुरक्षित रखने के उपाय बताए तथा छात्राओं को टूथब्रश, टूथपेस्ट व माउथ वाश का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजेश गोयल, महिला संयोजिका श्रीमती प्रियंका रावत, सतेंद्र निगम एवं टीम द्वारा छात्राओं को बिस्किट एवं चिप्स का वितरण किया गया। शिविर आयोजन के लिए विद्यालय अधीक्षक प्रगति सिंह ने भारत विकास परिषद की टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ निधिमिश्र, पूजा यादव, प्रियंका श्रीवास्तव व धर्मेंद्र वर्मा मौजूद रहे।

# बच्चों के उत्तम अभिभावकतत्व और सरकारी योजनाओं पर परामर्श

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। देहात इंडिया के तत्वावधान में सुरोखित शैशव द्वारा निधिनगर संकल्पा में माता-पिता व देखभालकताओं हेतु बच्चों के उत्तम अभिभावकतत्व और सरकारी योजनाओं हेतु एक विशेष परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माता-पिता, अभिभावक तथा देखभालकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस परामर्श सत्र का मुख्य उद्देश्य बच्चों के उत्तम अभिभावकतत्व को प्रोत्साहित करना और उन्हें सही मार्गदर्शन देने के साथ-साथ उन्हें उपलब्ध सरकारी योजनाओं से भी अवगत कराना था। सत्र में उपस्थित काउंसलर विंध्यावासनी जी ने बच्चों के संपूर्ण विकास में अभिभावकों की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बच्चों के साथ संवाद करना, उन्हें सही मूल्य और संस्कार देना, उनकी शारीरिक व मानसिक जरूरतों को समझना अभिभावक की महत्वपूर्ण भूमिका है। सत्र में विशेष रूप से यह भी बताया गया कि बच्चों के पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित सरकारी योजनाएं जैसे कि बाल विकास योजना, छात्रवृत्ति योजना, स्वास्थ्य कार्ड योजना इत्यादि का लाभ कैसे उठाया जा सकता है। कार्यक्रम में सीपीओ मुज्जमिल ने उपस्थित अभिभावकों को इन योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया। परामर्श सत्र में यह संदेश भी दिया गया कि अभिभावक केवल अपने बच्चों के लिए नहीं, बल्कि समाज के कल्याण के लिए भी जिम्मेदार हैं। बच्चों को सही दिशा में प्रेरित करके हम समाज को सशक्त बना सकते हैं। जिसमे देहात इंडिया के कार्यकर्ता मुज्जमिल जी, गायत्री देवी, पवन कुमार, नीरज श्रीवास्तव, आशा, रसोईया आदि समुदाय के लोगों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# यातायात माह के मद्देनजर कोतवाल ने की नुक्कड़ सभा

## कैसरगंज कोतवाल ने यातायात नियमों के बताए गुण

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेंद्र कुमार मिश्र ने कैसरगंज बस स्टॉप पर यातायात माह के मद्देनजर टैक्सी चालकों को इकट्ठा करके नुक्कड़ सभा के जरिए यातायात नियमों के गुर बताएं एवं सभी बैटरी ई रिक्शा चालक चार पहिया वाहन चालक समेत दर्जनों ड्राइवरो को इकट्ठा करके यातायात संबंधी नियम बताया एवं सभी टैक्सी चालकों को हिदायत दी गई कि हाईवे पर जब भी अपनी गाड़ी खड़ी करें तो काली रोड छोड़कर ही गाड़ी को पार्क करें। एक्सीडेंट को रोकने के लिए दो पहिया वाहन चालक सदा हेलमेट का उपयोग करें क्योंकि जीवन अमूल्य है। जल्दबाजी में गाड़ी कतई ड्राइव ना करें साथ ही साथ कोई भी वाहन चालक नशे की हालत में गाड़ी ना चलाएं। क्योंकि आपका एक जान दर्जनों लोगों के घर बसाने के काम आते हैं इसलिए जीवन अमूल्य है, इसका सदुपयोग करें। सदा हेलमेट का उपयोग करें साथ ही साथ यातायात नियमों का सदैव पालन करें।

# अजगर को कुचलने वाली कार व मालिक पर कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार

बहराइच ।कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग की ककरहा रेंज में गंगापुर रोड पर भिउरा पुल के पास एक अजगर सड़क पार कर रहा था, अजगर को रोड क्रास करता देख इस तरफ से जा रहे लोग अपनी गाड़ियां रोककर उसका वीडियो बनाने लगे। इस बीच सामने से एक तेज रफ्तार सफेद कार हॉर्न बजाते हुए आई और अजगर के ऊपर से गाड़ी चढ़ाकर चली गयी जिससे अजगर की मौत हो गई। फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट बहराइच के मुखिया बीडी लखमानी ने डीएफओ कतर्नियाघाट और फील्ड डायरेक्टर दुधवा को सुचना देकर मांग की है कि कार के नंबर के



आधार पर मालिक का नाम पता कर इस पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत सख्त कानूनी कार्यवाही की जाय। आपको बताते चलें कि दुर्घटना से पूर्व वहां पर मौजूद लोग अजगर देखकर उसका वीडियो बना रहे थे तभी गाड़ी आ गई और इस वीडियो ग्राफी में अजगर को कुचलते हुए गाड़ी और गाड़ी का नंबर पूरी तरह से कैद हो गया।

# झुग्गी हटाने के विरोध में आप का प्रदर्शन

## कलेक्ट्रेट में मकान देने की मांग पर अड़े लोग, एडीए ने चलाया था बुलडोजर

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण (एडीए) की कार्रवाई के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि यदि प्राधिकरण ने गरीबों की झुग्गियां तोड़कर जमीन खाली कराई है, तो अब उन्हें दूसरी जगह घर दिया जाए। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता झुग्गीवासियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और जोरदार नारेबाजी की। उनका कहना था कि प्रशासन ने गरीब परिवारों को उजाड़ दिया है, लेकिन उनके लिए दूसरे घर की व्यवस्था नहीं की। आप नेताओं ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह विस्थापित परिवारों को मकान उपलब्ध कराए। प्रदर्शन के दौरान पार्टी ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा और चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। पार्टी की पूर्व महापौर प्रत्याशी मोनिका थापर ने मंगलवार को कहा-एडीए ने सरकारी जमीन तो सही तरीके से खाली कराई, लेकिन वहां रहने वाले गरीबों को अब बिना आश्रय के सड़क पर छोड़ दिया गया है। मोनिका थापर ने आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान अधिकारी और कर्मचारी गरीबों के साथ अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं और उन्हें डंडों से पीटा जा रहा है। झुग्गियों में एनजीओ द्वारा चलाए जा रहे स्कूल को भी तोड़ दिया गया, जिसमें रोते हुए बच्चों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मामले का संज्ञान लेते हुए गरीबों के लिए मकान उपलब्ध कराने की योजना लागू करनी चाहिए। आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन भेजकर मांग की है कि जिनकी झोपडियां तोड़ी गई हैं, उन्हें सरकारी योजना के तहत आवास दिया जाए।

# नवजात को हुआ संक्रमण

## मां ने इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप, सीएचसी अधीक्षक पर आरोप लगाने वाली नर्स का नाम शामिल

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात रही एक स्टाफ नर्स पर गंभीर आरोप लगे हैं। एक मां ने अपने नवजात बच्चे को जन्म के बाद से हुए संक्रमण के ठीक न होने की शिकायत दर्ज कराई है। मां का आरोप है कि बच्चे को जन्म के समय से ही संक्रमण है और उचित इलाज के बावजूद उसकी हालत में सुधार नहीं हो रहा है। पीड़िता खेमन और उसके पति राहुल सोनकर ने बताया कि उनके बच्चे का जन्म हाल ही में हुआ था। जन्म के बाद से ही बच्चे को संक्रमण हो गया था, जिससे उसे लगातार परेशानी हो रही है। खेमन सुल्तानपुर जिले के लंभुआ थाना क्षेत्र के शाहगढ़ गांव की निवासी हैं। शिकायत में जिस स्टॉफ नर्स का जिक्र है। जो इस समय गोसाईगंज, सुल्तानपुर के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में कार्यरत हैं। वह लखनऊ की रहने वाली हैं। बता दें कि हाल ही में स्टॉफ नर्स ने तत्कालीन सीएचसी अधीक्षक अनिल कुमार सिंह पर अश्लील बातें करने का आरोप लगाया था। ऑडियो सामने आने और खबरें प्रकाशित होने के बाद अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया था। स्टाफ नर्स ने तत्कालीन अधीक्षक पर यौन उत्पीड़न सहित अन्य मामलों में केस दर्ज कराया था। मां ने संबंधित अधिकारियों से इस गंभीर मामले की जांच कर आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया है

# जिलाधिकारी ने धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया

## जवान, महिला किसानों से बिना टोकन होगी धान खरीद

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, जिलाधिकारी संजय चौहान ने धान क्रय केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। जिले में 1 नवंबर से 99 क्रय केंद्रों पर धान खरीद शुरू हो गई है। इस दौरान उन्होंने सेना के जवानों और महिला किसानों से बिना टोकन धान खरीदने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वजन मशीन का फीता काटकर धान खरीद का शुभारंभ किया। उन्होंने ग्राम नैनहा के किसान अरुण कुमार सिंह का स्वागत किया। जिलाधिकारी ने किसानों से सरकारी क्रय केंद्रों पर ही धान बेचने और पंजीकरण कराने की अपील की। पंजीकरण खाद एवं रसद विभाग के जन सेवा केंद्र या साइबर कैफे के माध्यम से किया जा सकता है। शासन ने इस वर्ष कॉमन धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड ए धान का 2389 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। धान खरीद 1 नवंबर से शुरू होकर 28 फरवरी 2026 तक जारी रहेगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी डॉ. हरिश्चंद्र प्रजापति को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और टोकन के क्रम में ही खरीद सुनिश्चित की जाए। भुगतान भी निर्धारित समय पर किया जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, डिप्टी आरएमओ प्रज्ञा मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच पर एफआईआर

**जेवर में 2 साल पहले हुई थी शादी, पत्नी ने पुलिस से की थी शिकायत**

ग्रेटर नोएडा , जेवर कस्बे में एक महिला ने अपने पति और पांच ससुरालजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। हिमानी नामक युवती ने जेवर कोतवाली में यह शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस के अनुसार, हिमानी की शादी लगभग दो वर्ष पहले उत्तराखंड निवासी नितिन से हुई थी। शादी के समय नितिन को राजस्थान में बिजली विभाग का सरकारी कर्मचारी बताया गया था, लेकिन बाद में यह जानकारी गलत निकली। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष लग्जरी कार की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। जब उसने दहेज की मांग पूरी करने से इनकार किया तो ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। कुछ दिन पहले आरोपी उसे मायके छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर उसके पति नितिन, देवर मोहित, सास रेखा, तेजवीर और शिवानी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों की तलाश जारी है। वहीं, पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाते हुए यह भी कहा है कि उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं।

### धान तुलाई न होने पर किसानों का हंगामा

**ग्रेटर नोएडा में अधिकारियों को सौंपा 5 सूत्रीय ज्ञापन**

जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में किसानों ने धान की तुलाई न होने पर राजकीय अनाज क्रय केंद्र पर जोरदार प्रदर्शन किया। किसान एकता संघ के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में किसानों ने अधिकारियों को पांच सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा। राष्ट्रीय सचिव कृष्णा बैसला के नेतृत्व में किसानों ने आरोप लगाया कि उनका धान करीब सात दिनों से मंडी में खुले में पड़ा है, लेकिन केंद्र पर तुलाई शुरू नहीं की जा रही है। इससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के हंगामे की सूचना पर एएमओ महिमा सिंह मौके पर पहुंचीं। उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनीं और जल्द समाधान तथा तुलाई प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया। हालांकि, किसान एकता संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द तुलाई शुरू नहीं हुई तो वे अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। प्रदर्शन के दौरान संगठन ने अधिकारियों को सौंपे गए ज्ञापन में पांच प्रमुख मांगें रखीं। इनमें धान की तुलाई तुरंत शुरू करने, किसानों को उचित भुगतान दिलाने, मंडी में तोल उपकरणों की व्यवस्था सुधारने, क्रय केंद्रों पर पारदर्शिता लाने और अधिकारियों की लापरवाही पर कार्रवाई की मांग शामिल है। इस मौके पर मेहरबान अली, भूपेंद्र नागर, विक्रम नागर, पप्पे नागर, उम्मेद एडवोकेट, संजय प्रधान, जेपी नागर, जीतन नागर, सुरेंद्र चपरगढ, दुर्गेश शर्मा, अकरम अली, अनिल नागर, हेमराज बीडीसी, गोलू प्रधान और अनूप नागर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मथुरा में संदिग्ध परिस्थितियों में गिलट व्यापारी लापता

**दो नामजदों पर परिवार को शक, देर रात दोस्त के मोबाइल पर आया मैसेज**

### परिजनों को अपहरण की आशंका

अमन लेखनी समाचार



मथुरा शहर के हालनगंज क्षेत्र में रहने वाला एक गिलट व्यापारी कल रात से गायब है। उसकी स्कूटी, मोबाइल और घड़ी नये बस स्टैण्ड क्षेत्र से लावारिस हालत में बरामद हुयी है। युवा व्यापारी के अचानक गायब होने से पूरे शहर में हडकंप मचा हुआ है। पुलिस ने अभी तक इस मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है जिससे परिजनों में आक्रोश है। हालांकि पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर व्यापारी की तलाश शुरू कर दी गयी है।

जानकारी के अनुसार शहर के हालनगंज क्षेत्र निवासी मनीष अग्रवाल (37) कल रात आठ बजे करीब अपने घर से स्कूटी पर निकला था। इसके बाद रात 11 बजे तक वह वापिस नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुयी। सभी संभावित स्थानों पर उनकी खोजबीन के लिये फोन से संपर्क किया गया लेकिन कोई जबाव न मिलने पर परिजन खुद ही उसकी तलाश में निकले जिसमें नये बस स्टैण्ड क्षेत्र में मनीष की स्कूटी खड़ी दिखाई दी जिसमें चाबी लगी हुयी थी और स्कूटी की डिग्गी में मोबाइल व घड़ी रखी थी। यह जानकारी लगते ही परिजन पहले चौकी बागबहादुर और फिर कोतवाली पहुंचे लेकिन पुलिस ने उन्हें यहां से गोविंद नगर थाने भेज दिया। यहां परिजनों ने बताया कि मनीष को कभी घर आने में देरी होती थी तो वह घर पर फोन कर देता था लेकिन कल उसकी तरफ से कोई फोन नहीं आया जिससे उनकी चिंता और बढ़ गयी है।

मनीष की बहिन संध्या ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि भाई मनीष का डॉ. अनुराग से पैसों का लेनदेन था, कुछ दिन पहले इनका विवाद भी हुआ था यह बात उसकी पत्नी ने बतायी है। इसके अलावा अनुज नामक व्यक्ति भी इसमें शामिल हो सकता है। परिवजनों को अनुराग और अनुज पर ही इस घटना के पीछे शक है। वहीं मनीष के चचेरे भाई ने बताया कि घटना के बाद से लग रहा है कि उनके भाई को षडयंत्र के तहत फंसाया गया है। रात्रि साढे नौ बजे करीब मनीष के नंबर से दोस्त के फोन पर मैसेज आया कि अगर मुझे कुछ होता है तो डॉ. अनुराग वैद्य इसका जिम्मेदार होगा। अब यह मैसेज किसने किया यह जांच का विषय है।

### परिजनों ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

मथुरा में अपराधिक घटनाओं के खुलासे की बजाय पुलिस पहले सीमा विवाद तय करने मे लगी रही मामला कल रात से आज सुबह तब देखने को मिला। गायब मनीष के परिजनों ने बताया कि रात में जब उसकी स्कूटी नया बस स्टैण्ड क्षेत्र में मिली तो उसे चौकी बागबहादुर पर ले जाया गया जहां से पुलिसकर्मियों ने उन्हें कोतवाली भेज दिया और कोतवाली पुलिस ने यह कहकर मामला टाल दिया कि वह हालनगंज क्षेत्र का रहने वाला है तो गोविंद नगर पुलिस इस मामले की रिपोर्ट दर्ज करेगी। परिजन जब गोविंद नगर थाने पहुंचे तो उनका कहना था कि यहां से पुलिस उन्हें वापिस कोतवाली जाने की कह रही है। क्योंकि स्कूटी कोतवाली क्षेत्र में मिली है।

# मांट में दिनदहाड़े युवक की हत्या

**शव के पास मिला तमंचा और क्षतिगस्त मोटरसाइकिल**

अमन लेखनी समाचार




मथुरा। मथुरा के ब्लॉक मांट में आज दोपहर क्षेत्र में हत्या की सनसनीखेज वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया बताया जा रहा है कि खेत से लौट रहे एक युवक की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मिली जानकारी के अनुसार मांट राजा निवासी जगदीश उर्फ अक्कू (32) पुत्र विजय सिंह अपने खेत पर गया था। दोपहर करीब बारह बजे यहां से वापिस लौटते समय मांट-वृंदावन मार्ग पर राजकीय महाविद्यालय के समीप अज्ञात लोगों ने उसके सिर में गोली मार दी जिससे वह लहुलुहान होकर वहीं गिर पड़ा और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण भारी संख्या में मौके पर पहुंच गये ।युवक का लहुलुहान शव देखकर चीख पुकार मच गई धीरे-धीरे भीड़ इकट्ठा हो गई और आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया घटना की सूचना मिलते ही थाना मांट पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव के पास से एक तमंचा बरामद किया है, जिसे कब्जे में लेकर जांच शुरू की गई है। हत्या के पीछे की वजह को लेकर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली है जिससे ग्रामीण अंदाजा लगा रहे हैं कि गोली मारने से पहले युवक के साथ कोई विवाद हुआ होगा जिसमें उसकी हत्या की गयी है गोलीकांड की खबर फैलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी व कड़ी कार्रवाई की मांग की। जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात ठप हो गया। बाद में पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाया और दोषियों की जल्द से जल्छ गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। स्थिति को संभालने के लिए मौके पर पहुंचे सीओ मांट आशीष शर्मा मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# यमुना में डालने आये दस वर्षीय बच्ची का शव शोर मचाने पर भाग निकले परिजन

**पुलिस ने बाहर निकाला शव, पहचान के लिए पुलिस कर रहीं जांच**

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। यमुना के ध्रुव घाट पर आज दोपहर पुल के नीचे एक बालिका का शव बहाने आये कुछ लोगों को देख यहां मौजूद लोगों ने शोर मचा दिया और

घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही शव के साथ आये लोग मौके से भाग खड़े हुये। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है, जिसके सिर, कमर व पैरों में चोटों के निशान हैं और टेप लगा हुआ है जिससे लगता है कि वह किसी अस्पताल में भर्ती थी और उपचार के दौरान उसकी मौत हुयी है। बताया गया कि शहर के यमुना पुल के नीचे ध्रुव घाट क्षेत्र में आज दोपहर करीब सवा बारह बजे 6-7 लोगों को एक शव यमुना में डालते देखकर यहां रहने वाले लोगों ने शोर मचा दिया और उन्हें घेरने का प्रयास किया। इस बीच सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर ये लोग मौके से शव छोड़कर भाग खड़े हुये। पुलिस ने करीब दस वर्षीय बालिका के शव को बरामद कर उसकी पहचान के प्रयास शुरू कर दिये हैं। आशंका व्यक्त की जा रही है कि बालिका की कहीं अन्यत्र मौत हुयी है ।उसके साथ क्या घटना हुयी यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। पुलिस उसकी पहचान के प्रयास में जुट गयी है। कृष्णापुरी चौकी प्रभारी हरेन्द्र तौमर ने बताया कि अभी बालिका की पहचान के लिए जांच की जा रही है इसके बाद ही वास्तविकता का पता चल सकेगा।

# 4 ट्रक 4 करोड़ की कफ सिरप पकड़ी

**चूने की बोरियों में छिपाकर यूपी-दिल्ली के रास्ते बांग्लादेश में सप्लाई; 7 गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, पुलिस और क्राइम ब्रांच ने एक गोदाम पर छापा मारा। यहां से चार ट्रक कफ सिरप बरामद किया गया। सिरप चूने की बोरियों के नीचे छिपाकर रखे गए थे। मामले में पुलिस ने सात तस्करों को गिरफ्तार किया है। मौके से 20 लाख रुपए नकद और एक क्रेटा कार भी मिली है। सिरप की कीमत करीब 4 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह माल यूपी, दिल्ली और बांग्लादेश तक भेजा जाना था। पुलिस को शक है कि गिरोह बड़ा है। कई बड़े लोग इसमें शामिल हो सकते हैं। औषधि विभाग मामले की जांच कर रहा है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है। पूरे मामले के खुलासे के लिए दोपहर बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकती है। पुलिस जांच में सामने आया है कि तस्करों ने सिरप को चूने और सड़े चावल की बोरियों के नीचे छिपा रखा था। यह खेप गाजियाबाद से यूपी, दिल्ली, बिहार, झारखंड और बंगाल होते हुए बांग्लादेश भेजी जानी थी। यह कार्रवाई सोनभद्र पुलिस की जानकारी पर की गई। वहां हाल ही में कफ सिरप की बड़ी खेप पकड़ी गई थी, जो जांच में गाजियाबाद से भेजी गई निकली। इसके बाद सोनभद्र एसपी अभिषेक वर्मा ने एसआई घनश्याम तिवारी की अगुवाई में टीम को गाजियाबाद भेजा। टीम ने गाजियाबाद पुलिस और औषधि विभाग के साथ मिलकर गोदाम पर दबिश दी और चार ट्रक माल बरामद किया। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया कि पकड़े गए गिरोह के बांग्लादेश तक संपर्क हैं।

पहले भी कई खेप वहां भेजी जा चुकी हैं। जांच में यह भी सामने आया कि माल गाजियाबाद में तैयार कर बाहर भेजा जाता था।

# ई रिक्शा की बैटरियों पर लगातार प्रहार फिर हुई चोरी

**एक दर्जन बैटरी खोल कर चोरों ने पीड़ित को लगाई चपत**

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर ,जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र में चोरों ने वर्तमान में ई रिक्शा को अपना निशाना बना रखा है हाल ही में दो दिन पहले क्षेत्र के कुलखेड़ा गांव निवासी ललित दीक्षित के दरवाजे खड़े ई रिक्शा से बैटरी खोल कर अज्ञात चोर ले गए जिसकी आग अभी तक बुझी नहीं थी और दूसरी घटना घटित हो गई थाना क्षेत्र के अमौली कस्बे निवासी मोहित तिवारी सुनील तथा शहरुख तीनों ई रिक्शा मालिकों के रिक्शा से चोरों ने लगभग एक दर्जन बैटरी खोल कर फरार कर दी तीनों पीड़ितों ने नजदीकी कस्बा पुलिस चौकी पहुंचकर लिखित सूचना देते हुए कुछ लोगों पर शंका जाहिर की पीड़ितों ने बताया कि उनके जीविकोपार्जन के लिए वही एक सहारा था इस घटना के बाद उनकी रोजी-रोटी में भी संकट खड़ा हो गया है जानकारी लेने पर अमौली चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि मामले की सूचना प्राप्त हुई है जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है यदि ऐसे अराज तत्वों पर शिकंजा ना कसा गया तो निश्चित रूप से चोरों के हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे हैं तथा यही अराजक तत्व आगे चलकर किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं

# आपसी विवाद में चली गोली

- युवक के पैर में लगी, दो घायल; आरोपी की तलाश में पुलिस की टीम गठित

अमन लेखनी समाचार




गौतम बुद्ध नगर, बिसरख थाना क्षेत्र में तिगड़ी गोलचक्कर के पास रात आपसी विवाद के दौरान गोली चल गई। इस घटना में एक युवक के पैर में गोली लगी, जबकि दो अन्य युवक मारपीट में घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की है। पुलिस के मुताबिक, लव कुमार और सचिन नामक दो परिचित युवकों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। विवाद बढ़ने पर सचिन ने अपने साथियों के साथ मिलकर लव कुमार की पिटाई शुरू कर दी। इसी दौरान, जब लव कुमार का साथी गौरव बीच-बचाव करने पहुंचा, तो सचिन ने उस पर पिस्टल से फायर कर दिया। गोली गौरव के पैर में लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। गौरव और लव कुमार दोनों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद करने और विवाद के कारणों की जांच कर रही है। बिसरख थाना प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि घायल पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी सचिन और उसके साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई है।

# आवारा कुत्तों का आतंक, 5 लोगों को काटा

**10 महीने में 43 हजार केस, शिकायत के बावजूद निगम टीम नहीं पहुंची**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित जैदी फार्म सोसाइटी में एक आवारा कुत्ते ने पांच लोगों को काट लिया। घायलों में एक बच्चा, दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। कुत्ते के हमले में एक बिल्ली की मौत भी हो गई, जिससे कॉलोनी में दहशत फैल गई। घटना के बाद लोगों ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना की जानकारी देने के लिए उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमर सिंह को कई बार फोन किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। इससे लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। लोग बोले-जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे घेराव सोसाइटी निवासी जफर ने बताया कि पिछले कई दिनों से इलाके में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन नगर निगम की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कुत्तों को पकड़ने की व्यवस्था नहीं की गई तो वे निगम कार्यालय का घेराव करेंगे। कुत्ते के हमले के बाद से सोसाइटी में दहशत का माहौल है। इस पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमर सिंह ने कहा कि जैदी फार्म क्षेत्र में टीम भेजी जाएगी। हर दिन 142 लोग हो रहे शिकार जिले में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 10 महीनों में 43,168 लोगों को कुत्तों ने काटा है। यानी, औसतन हर दिन करीब 142 लोग इस हमले का शिकार हो रहे हैं। ये आंकड़े केवल जिला अस्पताल में एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाने वालों के हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अशोक कटारिया ने लोगों से अपील की है कि कुत्ते के काटने पर घरेलू टोटके न अपनाएं। उन्होंने कहा कि जैसे पिसी मिर्च या तेल लगाने जैसे उपाय संक्रमण बढ़ा सकते हैं।

सीएमओ ने बताया कि किसी भी जानवर के काटने के बाद 72 घंटे के भीतर एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाना बेहद जरूरी है।

# किसानों का धरना जारी

**मुआवजे की मांग कर रहे किसान, आरोप- नहीं हो रही ठोस कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद ,लोनी तहसील में मंडोला योजना से प्रभावित किसानों का आंदोलन जारी रहा। सुबह से ही बड़ी संख्या में किसान और भारतीय किसान यूनियन (राकेश टिकैत गुट) के कार्यकर्ता तहसील परिसर में जमा हुए और मुख्य गेट पर ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों का कहना है कि मंडोला योजना के तहत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में उन्हें उचित मुआवजा और पुनर्वास नहीं दिया गया। पिछले नौ वर्षों से न्याय की मांग कर रहे किसानों का आरोप है कि प्रशासन केवल आश्वासन देता रहा, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश संगठन मंत्री प्रवीण मलिक ने बताया कि आंदोलन की जानकारी प्रशासन को एक सप्ताह पहले ही दे दी गई थी, फिर भी कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं रहा। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों की मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, यह धरना अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। किसानों ने तहसील परिसर में पंचायत कर घोषणा की कि यह आंदोलन अब केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि निर्णायक होगा। उनका कहना है कि जब तक मंडोला भूमि अधिग्रहण प्रकरण में स्थायी समाधान नहीं निकलता, तब तक वे तहसील परिसर में डटे रहेंगे।



# किसान यूनियन ने प्राधिकरणों के खिलाफ आंदोलन की बनाई रूपरेखा

**दनकौर में हुई बैठक, 100 से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए**

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा , दनकौर कस्बे में भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) की बैठक हुई, जिसमें जिले के तीनों प्राधिकरणों के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी रामकुमार शर्मा ने की, जबकि संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता दिनेश शर्मा ने किया। इस मौके पर सैकड़ों कार्यकताओं ने बीकेयू महात्मा टिकैत को छोड़कर बीकेयू (अराजनीतिक) में शामिल होने की घोषणा की। बैठक में संगठन विस्तार की भी घोषणा की गई। पंकज शर्मा (हतेवा निवासी) को गौतमबुद्ध नगर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा बॉबी नागर को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, धीरज प्रमुख और जयवीर कसाना को राष्ट्रीय सचिव, जगत सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और ओमप्रकाश को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया। साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि वे संगठन के दायित्व का सम्मान करते हुए किसानों की आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्राधिकरणों की मनमानी के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। संगठन ने ऐलान किया कि तीनों प्राधिकरणों के खिलाफ आंदोलन की शुरूआत दनकौर इंटरचेंज से की जाएगी।

# टटीरी के ग्रामीण पहुंचे डीएम कार्यालय

- दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर की अधिग्रहीत जमीन का दोगुना मुआवजा मांगा, आंदोलन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



बागपत, टटीरी गांव के ग्रामीणों ने दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के लिए अधिग्रहीत अपनी कृषि भूमि के मुआवजे को दोगुना करने की मांग की है। ग्रामीणों ने इस संबंध में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर डीएम को एक शिकायती पत्र सौंपा। उनका आरोप है कि सरकार द्वारा निर्धारित दर से काफी कम मुआवजे पर उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, अधिग्रहीत भूमि की दरें आसपास के क्षेत्रों की तुलना में काफी कम हैं। परियोजना के कारण उनकी खेती योग्य जमीन छिन गई है, जिससे उनकी आजीविका पर संकट आ गया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि किसानों के भविष्य और उनकी मेहनत को ध्यान में रखते हुए मुआवजे की दर को दोगुना किया जाए, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण और पुनर्वास कर सकें। ग्रामीणों ने बताया कि वे इस मुद्दे पर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर चुके हैं, लेकिन उनकी मांगों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस कारण गांव के लोगों में काफी नाराजगी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के कार्यालय में अधिकारियों ने ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल की शिकायत प्राप्त कर ली है। अधिकारियों ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन इस बार उनकी समस्या को गंभीरता से लेगा और उन्हें न्याय दिलाएगा।

# कबूतरबाज की सम्पत्ति की जांच और कुर्की की मांग

**पीडित ने तमाम आलाधिकारियों सहित मुख्यमंत्री से लगाई गुहार**

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा। बीते डेढ दशक में कबूतरबाजी के दम पर फर्श से अर्श पर पहुंचे कबूतरबाज की सम्पत्ति की जांच और कुर्की की मांग करते हुए पीडित ने जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई है इतना ही नहीं पीडित ने कोतवाली पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

कोतवाली क्षेत्र के कम्हरिया रोड बडा चौराहा निवासी शमीम उददीन पुत्र फय्याज उददीन ने जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक को लिखे पत्र में बताया कि, कस्बे के उपरौस निवासी सैफुल हयात बीते डेढ दशक पहले मेले में गुब्बारा और टाफी आदि बेचकर जीवन यापन करता था लेकिन इसी बीच कबूतरबाजी के धंधे में उतरकर हजारों बेरोजगार युवकों से मोटी रकम लेकर करोडों रुपये की सम्पत्ति अर्जित कर ली है जिसमे दूसरे राज्यों में जमीन जमीने है। पीडित ने बताया कि उक्त सैफुल हयात बेरोजगार युवकों से लाखों रुपये लेकर विजिट वीजा, टूरिस्ट वीजा या ठेकेदारी प्रथा में अरब देशों में भेज देता है जहां पर वह बुरी तरह से फंस जाते हैं और बंधुआ मजदूरी करने के लिए मजबूर होते हैं। पीडित ने बताया कि उक्त सैफुल ने उसे भी साढे चार लाख रुपये लेकर अरब भेजा था जहां पर वह कई महीने फंसा रहा है लेकिन अब अपने रुपये मांगने पर सैफुल झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवाने की धमकी दे रहा है।

इतना ही नहीं पीडित ने कोतवाली पुलिस पर भी आरोपी से महीने की लम्बी रकम लेने के आरोप लगाते हुए सैफुल द्वारा अर्जित की गई अकूत चल अचल सम्पत्ति की जांच और कुर्की की मांग की है।

बताते चलें कि मौदहा कोतवाली में अक्सर सैफुल हयात के खिलाफ शिकायतें आती रहती हैं लेकिन गाहे बगाहे ही कार्यवाही होती है जबकि आरोपी की हनक और पुलिस द्वारा पीडित पर दबाव बनाने के चलते अधिकांश मामले ठण्डे बस्ते में चले जाते हैं अब देखना यह होगा कि उक्त मामले में कार्यवाही होती है या पीडित एक बार फिर थक हार कर सरेंडर कर देगा।

# भाजपा नेता का सुराग न मिलने पर अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

**अमन लेखनी समाचार**

राठ। अधिवक्ता संघ के सदस्य के छोटे भाई भाजपा नेता प्रीतम सिंह किसान के कोतवाली से गायब होने और अब तक सुराग न मिलने को लेकर अधिवक्ता संघ ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। और न्यायिक कार्यो से विरत रहे। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि भाजपा नेता पूर्व जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह किसान के बडे भाई अधिवक्ता संघ के सदस्य हैं। बीते 18 अक्टूबर को प्रीतम सिंह किसान के पेट्रोल पंप पर कुछ लोगों का मामूली विवाद हो गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंच प्रीतम सिंह को हिरासत में लेकर पूरी रात कोतवाली में बैठाकर रखा था। आरोप लगाया कि कोतवाली पुलिस ने प्रीतम सिंह को लापता कर दिया। जिससे अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। गुरूवार को अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यो से विरत रहे। सैकड़ों की तादाद में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे। जहां पर एसडीएम के न मिलने पर अधिवक्ताओं ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि यदि इस ज्ञापन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो अधिवक्ता अनिर्श्चित कालीन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। अधिवक्ताओं ने पुलिस और प्रशासन से शीघ्र ही प्रीतम सिंह किसान का पता लगाने की मांग की। ज्ञापन देने के दौरान अधिवक्ता सूरज पाल सिंह, एमडी लोधी, सत्यम सोनी, जमुनादीन, महामंत्री दिलीप कुमार राजपूत, वीरसिंह राजपूत, लतीफ उल्ला खां, शिवम खरे, जयसिंह राजपूत, जयप्रकाश अग्रवाल, सुरेंद्र द्विवेदी, अखिल नगाइच, वीरेंद्र अहिरवार, बारेलाल अहिरवार, शेर मुहम्मद अंसारी, राजेंद्र सिंह, राजेंद्र पाल अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ध्रुव नारायण पब्लिक स्कूल के चार खिलाड़ी राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए लखनऊ हुए रवाना

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ ध्रुव नारायण पब्लिक स्कूल ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्टता की मिसाल बन चुका है। यहाँ के विद्यार्थी यह साबित कर रहे हैं कि यदि उचित प्रशिक्षण और प्रोत्साहन मिले तो गाँव की प्रतिभाएँ भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर चमक सकती हैं। पनियरा स्थित ध्रुव नारायण पब्लिक स्कूल के चार प्रतिभावान ताइक्वांडो खिलाड़ी रीया, रुकसाना, सौरभ, सत्यम का चयन राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता लखनऊ के के. डी. सिंह बाबू स्टेडियम में दिनांक 5 नवम्बर से 8 नवम्बर 2025 तक आयोजित की जा रही है। इन चार खिलाड़ियों ने पूर्व में आयोजित जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए थे, जिसके आधार पर इनका चयन राज्य स्तर पर हुआ। खिलाड़ियों के रवाना होने के अवसर पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल रहा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण राव ने कहा –

'ध्रुव नारायण पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी निरंतर यह सिद्ध कर रहे हैं कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएँ भी किसी से कम नहीं हैं। परिश्रम, अनुशासन और मार्गदर्शन के साथ गाँव के बच्चे भी ऊँचाइयाँ छू सकते हैं।'

विद्यालय के सह-निदेशक अशुतोष मिश्रा ने कहा –

'ध्रुव नारायण पब्लिक स्कूल केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि खेल और संस्कार का संगम है। यहाँ की प्रतिभाएँ आने वाले समय में जिले और प्रदेश का गौरव बढ़ाएँगी।'

विद्यालय के निदेशक जीवेश मिश्रा ने कहा –

'विद्यालय का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में काम करना है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी खेल के क्षेत्र में भी विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।' इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षण में ताइक्वांडो कोच श्वेता प्रजापति का विशेष योगदान रहा है, जिनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने निरंतर अभ्यास कर यह उपलब्धि हासिल की। विद्यालय की टीम इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बलराम सिंह के संरक्षण में लखनऊ रवाना हुई है।

## खास समाचार

# पति की बेवफाई से आहत महिला ने बेतवा पुल से लगाई छलांग, भर्ती

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। पति की बेवफाई से आहत महिला ने बेतवा पुल से नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मछुआरों की मदद से महिला को सकुशल नदी से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती करा दिया है। कुरारा कस्बा निवासी 33 वर्षीय संगीता के पति जगदीश द्वारा दूसरी शादी करने से परेशान होकर गुरुवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के बेतवा पुल से नदी में छलांग दी। सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने मछुआरों की मदद से संगीता को सकुशल नदी से बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया जहाँ उसके मामूली चोटें आने पर उसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने पीड़िता के परिवार वालों को सूचना दे दी है।

# बच्चों का आकलन निपुण प्लस एप पर तत्काल पूर्ण करें शिक्षक- बीईओ

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। ब्लॉक संसाधन केंद्र कुछेछा में प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक की समीक्षा बैठक करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह तोमर ने सभी को निर्देशित किया कि डीबीटी, वीरगाथा, विद्यार्थी, इको क्लब तथा बच्चों के ड्रॉप आउट बॉक्स को दो दिन में पूर्ण कर सभी शिक्षक गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा प्रदान करने में लग जाए। सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में समस्त शैक्षणिक स्टाफ अध्ययनरत सभी बच्चों का आकलन निपुण प्लस एप पर करके अवगत कराएं। यदि कोई समस्या आ रही हो तो नोडल अकबर अली या विद्या समीक्षा केंद्र पर संपर्क करें। बैठक में विकासखंड सुमेरपुर के समस्त प्रधानाध्यापक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापक तथा संकुल शिक्षक अभिषेक शुक्ला उपस्थित रहे।

# दक्षिण क्षेत्र युव महोत्सव में नासिक परिसर ने कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाराष्ट्र का नाम रोशन किया

**अमन लेखनी समाचार**

नासिक। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा तीसरे दिन दक्षिण क्षेत्र युव महोत्सव के कुश्ती प्रतियोगिता में नासिक परिसर युवा प्रतियोगियो ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाराष्ट्र का नाम रोशन किया। 57 केजी (किलोग्राम) कुश्ती स्पर्धा में रोहित धांडे नासिक परिसर (महाराष्ट्र) ने प्रथम, गोविंद शर्मा गुरुवायूर परिसर (केरल) ने द्वितीय तथा हितेश वी सीश्रृंगेरी परिसर (कर्नाटक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 61केजी कुश्ती स्पर्धा में अभिजीत थिटे नासिक परिसर (महाराष्ट्र) ने प्रथम, तरूण भरत गुरुवायूर परिसर (केरल) ने द्वितीय तथा उदय नारायण शुक्ल श्रृंगेरी परिसर (कर्नाटक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 65 केजी कुश्ती स्पर्धा में महेश थिट्टे नासिक परिसर (महाराष्ट्र) ने प्रथम, जिशनु जयन गुरुवायूर परिसर (केरल) ने द्वितीय तथा सरोज भोई श्रृंगेरी परिसर (कर्नाटक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 70केजी कुश्ती स्पर्धा में राजन मिश्र नासिक परिसर (महाराष्ट्र) ने प्रथम, नीलकंठ ए एन गुरुवायूर परिसर (केरल) ने द्वितीय तथा अनिरुद्ध एम काकदकर श्रृंगेरी परिसर (कर्नाटक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 74केजी कुश्ती स्पर्धा में अनिकेत पांडेय नासिक परिसर (महाराष्ट्र) ने प्रथम, सुरेंद्र दंत्ता गुरुवायूर परिसर (केरल) ने द्वितीय तथा कृष्ण गोपाल भट्ट श्रृंगेरी परिसर (कर्नाटक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी स्पर्धा में कालीदासन के, सूरज एस, अनुदेव ए एस, अभिनंद, वासुदेव, विष्णु एवम अदवेद वी एस कालीकट आदर्श महाविद्यालय (तमिलनाडु) ने प्रथम तथा सारेन, सत्या, राहुल, अदवेद, संकल्प, अनित्या थारूनी एवम जिशनु गुरुवायूर परिसर (केरल) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम में समूह गायन के साथ अपने अपने राज्य के परिधानों में पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति दी। संस्कृत भाषा के प्रचार, प्रसार एवम विकास के लिए विश्वविद्यालय द्वारा परिसर के निदेशक प्रो नीलाभ तिवारी के मार्गदर्शन में क्रीड़ा सहित शैक्षिक एवम सांस्कृतिक सभी स्पधाएं संस्कृत भाषा में प्रसारण किया जा रहा है। जो संस्कृत भाषा के विकास के लिए भविष्य में महत्त्वपूर्ण साबित होगा।

# घर पहुंची बहू को ससुर ने पीटा, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। सर्दी का सीजन शुरू होते ही गर्म कपडे निकालने घर पहुंची बहू को ससुर ने पीट दिया, बहू की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम मवईजार निवासी ममता पत्नी भोला ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि, वह नोएडा में रहकर मजदूरी करती है बीते पांच नवम्बर को वह अपनी ससुराल गर्म कपडे निकालने गई थी तभी ससुर जगदेव ने उसे बेवजह डण्डे से पीट कर लहूलुहान कर दिया। पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ससुर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नाबालिग के अपहरण में चार वर्ष का कठोर कारावास

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। थाना मौदहा में 10 साल पूर्व किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायालय की न्यायाधीश कीर्तिमाला ने अभियुक्त को चार साल के कठोर कारावास व 11 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। थाना बिवांर के एक ग्राम निवासी पीड़ित पिता ने नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला 28 मार्च 2015 को दर्ज कराया था।

# सोनभद्र पुलिस की सूचना पर गाजियाबाद में संयुक्त कार्रवाई, अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

**गाजियाबाद में 3.40 करोड़ रुपयें की प्रतिबंधित कफ सीरप बरामद, 8 शातिर तस्कर गिरफ्तार।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थो एवं नशीली दवाओं की तस्करी, फरार/वांछित/ईनामिया अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं रोकथाम के क्रम में जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रतिबंधित एर्ह्य४ व ढौल्लरीटि्ह्र उङ्क्ष४ॅ र८१४स्त्र की तस्करी में लिप्त अन्तर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। दिनांक 03/04.11.2025 की रात्रि में सोनभद्र पुलिस की सूचना पर कमिश्नरेट गाजियाबाद की स्वाट टीम, क्राइम ब्रांच, थाना नंदग्राम पुलिस एवं सोनभद्र पुलिस टीम द्वारा मेरठ रोड स्थित मछली गोदाम परिसर से 08 शातिर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार व कब्जे से प्रतिबंधित कफ सीरप की कुल 1,57,350 शीशियाँ, 02 ट्रक, 02 आयशर कैंटर, 01 क्रेटा कार, 20 लाख नगद, 02 लैपटॉप, 10 मोबाइल, फर्जी सिम कार्ड, मुहरें, तथा ळंस्त्रील्लश्ङ्क्षह्ल टेबलेट्स (19 स्टिप) इत्यादि बरामद किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना नंदग्राम कमिश्नरेट गाजियाबाद में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ के क्रम में बताया गया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में मुख्य अभियुक्त सौरव त्यागी है, जबकि संतोष भड़ाना उसका मुख्य ट्रांसपोर्टर है, जिसके गोदाम से प्रतिबंधित कफ सीरप ट्रकों में लोड किया गया था। सौरव त्यागी ने बताया कि इन कफ सीरप में कोडीन होने से यह नशे के रूप में प्रयुक्त होते हैं, जिनकी भारत में बिक्री प्रतिबंधित है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि इस तस्करी का संचालन मुख्य सरगना आसिफ व वसीम (मेरठ) तथा शुभम जायसवाल (वाराणसी) द्वारा किया जाता था। सौरव त्यागी एनसीआर क्षेत्र में इस नेटवर्क का प्रमुख था, जो अपने फर्जी फार्मा लाइसेंसों के माध्यम से विभिन्न कंपनियों से कफ सीरप खरीदकर उन्हें ट्रांसपोर्ट गोदाम में छिपाता था। मांग मिलने पर ट्रकों में अन्य सामान के बीच छिपाकर झारखंड, बंगाल, असम आदि राज्यों को भेजा जाता था, जहां से बांग्लादेश तक इसकी तस्करी की जाती थी। अन्य अभियुक्त शादाब व शिवाकांत सौरव के कर्मचारी हैं, जो माल लोडिंग व रिकॉर्ड मेंटेन करते थे, जबकि अम्बुज गोदाम कर्मचारी और अन्य चालक तस्करी में सहयोगी थे।

# अवैध परिवहन कर भाग रहे ट्रक को सदर एसडीएम ने जान जोखिम में डालकर पकड़ा

**ट्रक चालक ने कई बार एसडीएम की कार में टक्कर मारने का किया प्रयास, वीडियो वायरल**

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। अवैध परिवहन कर भाग रहे ट्रक को सदर एसडीएम ने जान जोखिम में डालकर पकड़ लिया। ट्रक चालक ने कई बार एसडीएम की गाड़ी में टक्कर मारने का प्रयास किया लेकिन एसडीएम की सूझबूझ के बाद ट्रक चालक को दबोचकर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। बता दें कि जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देश में अवैध खनन परिवहन के विरुद्ध टास्क फोर्स अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर बुधवार और गुरुवार की देर रात सदर एसडीएम के.डी शर्मा द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। देर एक ट्रक up 91T 8540 का चालक नंबर प्लेट को कपड़े से ढककर अवैध परिवहन करने की जुगत लगाकर लक्ष्मी बाई तिराहा पहुंचा तभी चेकिंग अभियान चला रहे एसडीएम ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया तो ट्रक चालक ने चालाकी दिखाते हुए उसकी स्पीड बढ़ा दी। जिस पर एसडीएम ने सन्देह कर उसका पीछा किया तो ट्रक चालक ने कई बार एसडीएम की कार को टक्कर मारने का प्रयास करते हुए यमुना नदी का पुल पार कर लिया। इस दौरान एसडीएम और उनके ड्राइवर की सूझबूझ से काम लेते हुए ट्रक को रोहाइन नाला के पास पकड़ लिया और प्रपत्र की जाँच पड़ताल की। इसके बाद एसडीएम ने ट्रक के चालक को कार में बैठाकर सदर कोतवाली लेकर पहुंचे जहाँ चालक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। इस पूरी घटना का पीछे चल रहे एक बाइक सवार ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है। वहीं एसडीएम सदर की इस तत्परता की पूरी जिले में प्रसंसा हो रही है।

# सफाई के नाम पर बाल मजदूरी का आरोपः ग्रामीणों की शिकायत पर एडीओ पंचायत ने नोटिस जारी किया

**अमन लेखनी समाचार**




कोन (सोनभद्र), विकासखंड कोन के ग्राम पंचायत कुड़वा में सफाई कार्य में बाल मजदूरी कराने का आरोप लगा है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद सहायक खंड विकास अधिकारी (पंचायत) ने संबंधित सफाईकर्मी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यह मामला तब सामने आया जब छठ पूजा के दौरान तुमियां चौराहे पर सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया था। खंड विकास अधिकारी (कोन) ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल सफाई के आदेश दिए थे। आरोप है कि आदेश के बाद मौके पर पहुंचे नियुक्त सफाईकर्मी ने स्वयं काम करने के बजाय नाबालिग बच्चों से देर शाम तक सफाई करवाई। ग्रामीणों का कहना है कि यह बाल श्रमिक अधिकार अधिनियम का गंभीर उल्लंघन है। स्थानीय निवासी रामेश्वर चेरो ने बताया कि सरकार बाल जागरूकता अभियान चला रही है, लेकिन कुड़वा में इसका कोई असर नहीं दिख रहा। नाबालिग बच्चों के पिता नंदकेश्वर और लालमन चेरो ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी और उप श्रमायुक्त पिपरी को शपथ पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि संबंधित सफाईकर्मी प्रलोभन देकर सादे कागजों पर हस्ताक्षर कराने का प्रयास कर रहा है। सहायक खंड विकास अधिकारी (पंचायत) सुनील पाल ने पुष्टि की है कि सफाईकर्मी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# छज्जा ढहने से वृद्धा सहित दिब्यांग गिरे, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। घर की सफाई कर रही वृद्धा के ऊपर दिब्यांग छज्जे सहित गिर गया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहाँ से दोनों को सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांचा निवासी आमना (70) पत्नी उस्मान अपने घर की सफाई कर रही थी तभी और दिब्यांग रफीक पुत्र कदीर छज्जे पर चढा हुआ था लेकिन अचानक छजजा गिरने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहाँ से दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। लेकिन इलाज के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# एम्स गोरखपुर से कैंसर की पहचान का व्यावहारिक प्रशिक्षण लेंगी स्वास्थ्य विभाग की एलएमओ

**छह नवम्बर को दिया जाएगा एक दिवसीय हैंडहोल्डिंग प्रशिक्षण, राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण की भी तैयारी**

**प्रशिक्षित एलएमओ सीएचओ को सिखाएंगी कैंसर की पहचान का तरीका**

**जिले में शुरू होगा पिंक कार्ड अभियान का दूसरा चरण**

**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर द्वारा स्वास्थ्य विभाग की चयनित महिला चिकित्सा अधिकारियों को कैंसर की पहचान का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण छह नवम्बर को एम्स गोरखपुर परिसर में दिया जाएगा। यह महिला चिकित्सा अधिकारी उन ब्लॉकों से सम्बन्धित हैं जहां ओपीडी लोड अधिक है। प्रशिक्षित एलएमओ जब कैंसर मरीजों की पहचान करने लगेंगी तो उनके जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। इस बीच, स्वास्थ्य विभाग ने एलएमओ के राष्ट्रीय स्तर के वर्चुअल प्रशिक्षण की भी तैयारी की है। साथ ही पिंक कार्ड अभियान का दूसरा चरण भी शुरू होगा, जिसके जरिए स्वास्थ्य इकाइयों से महिला मरीजों को चिन्हित किया जाएगा। सीएमओ गोरखपुर डॉ राजेश झा ने बताया कि हमारा मुख्य जोर महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) और स्तन कैंसर की शीघ्र पहचान पर है। इन दोनों मामलों में शीघ्र पहचान और उपचार से जटिलताओं की आशंका कम रहती है। पिंक कार्ड अभियान समुदाय स्तर पर इन मरीजों की स्क्रिनिंग में मददगार बन रहा है। इसे देखते हुए अभियान का दूसरा चरण शुरू किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक मरीज चिन्हित किए जा सकें। इन चिन्हित मरीजों में कैंसर के मरीजों का उपचार और पुष्टि हो सके, इसके लिए समय रहते एम्स गोरखपुर की मदद से हैंडहोल्डिंग प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है। एम्स गोरखपुर की कार्यकारी निदेशक मेजर जनरल डॉ विभा दत्ता और स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ शिखा सेठ के सहयोग से यह महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली एलएमओ की दक्षता देखी जाएगी। उनके दक्ष होने पर उनकी मदद से सीएचओ को प्रशिक्षित कर उनके जरिए भी जांच कराई जाएगी। सीएमओ ने बुधवार को गोरखपुर पुस्तक महोत्सव में लगे स्वास्थ्य विभाग के जनजागरूकता स्टॉल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉ सविता तिवारी और सीएचओ पंकज आदि को निर्देश दिया कि स्टॉल पर आने वाले लोगों को मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी जाए। इससे पहले मंगलवार की शाम को उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम के साथ शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों पर नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को देखा। बुधवार के सार्वजनिक अवकाश को देखते हुए पूरे जिले में मंगलवार को ही टीकाकरण सत्रों पर नियमित टीकाकरण सेवा उपलब्ध कराई गई।

# तेंदुआ नीलगाय के बच्चे का पीछा कर पहुंच गया, रिहाइशी इलाके में ग्रामीण भयभीत


**अमन लेखनी समाचार**



बलरामपुर सोहेलदेव वन्यजीव अभयारण्य के बरहवा रेंज अन्तर्गत मंगलवार देर शाम पहाडी नाला खैरहनिया के निकट तेंदुआ नीलगाय के बच्चे को निवाला बनाने के लिए पीछा करते हुए चौराहे के पास मां दुर्गा मंदिर परिसर मे पहुंच गया।नीलगाय का बच्चा बचने के लिए काफी प्रयास किया लेकिन ग्रामीणो के सामने से उठाकर गन्ने के खेत मे चला गया। तेंदुए के दस्तक तथा यह हादसा देखकर ग्रामीणो मे भगदड मच गई। गुड्डू मिश्रा ने बरहवा रेंज के रेंजर बृजेश सिंह परमार को फोन से जानकारी दी।सूचना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे रेंजर टीम तथा ग्रामीणो के सहयोग से करीब एक घंटे तक आसपास लाउडस्पीकर के साथ तेज आवाज करते हुए कंबिग किया लेकिन उसका कुछ अवशेष नही मिला।उसके बाद मौजूद ग्रामीणो को जागरूक करते हुए बताया कि इस समय ठंड कोहरे का मौसम आ गया है.गन्ना फसल भी कटने वाला है.लोग खेतो मे जाए तो समूह मे जाए और खेत पहुंचने से पहले आग जलाकर धुंआ करे ड्रम बजाकर आवाज करें।तथा खेत मे झुककर कोई कार्य न करें बच्चो को स्कूल समूह मे भेजे। ग्रामीण सहजराम.कुन्ने.नीबर आदि लोगो ने बताया कि करीब पांच दिन पहले नाला किनारे झाडियो मे तेंदुआ एक निर्राश्रित मवेशी को मारकर निवाला बना रहा था।तथा बिगत वर्ष पहले तेंदुआ गांव के सरकारी स्कूल के सेफ्टी टैंक मे छुपकर बैठा था।ग्रामीण सुबह शौच को जा रहे थे कि तेंदुए ने एक के बाद एक छह लोगो को नोंचकर घायल कर दिया था।राम आधार.राजेश कुमार ने बताया कि ठंड के मौसम मे तेंदुआ गांव के आसपास डेली घूमता रहता है.और कुत्तो को उठाकर चला जाता है।इस संबंध मे रेंजर बृजेश सिंह परमार ने बताया कि वहां टीम लगाया गया है.यदि अब दिखाई देता है.तो पिंजडा लगाया जाएगा।

# भिटौली थाने से न्याय न मिलने पर पीड़ित पहुँचा एसपी कार्यालय, लगाई न्याय की गुहार

**अमन लेखनी समाचार**




महराजगंज। सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुरमीर निवासी प्रमोदचंद पुत्र रामबचन ने भिटौली थाना पुलिस पर न्याय न देने और समझौता करने का दबाव डालने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित प्रमोदचंद ने बताया कि उसका ट्रक-ट्रेलर (संख्या इफ-28 ॠइ-2642) दिनांक 24 सितंबर 2025 को ग्राम पिपरा खादर के पास आग लगने से जल गया था। घटना के बाद से वाहन सड़क किनारे खड़ा था। इस दौरान अज्ञात चोरों ने ट्रक के पहिए चोरी कर लिए। प्रमोदचंद के अनुसार, 2 नवम्बर की रात पुलिस ने एक चोर को रंगेहाथ ट्रक का पहिया खोलते हुए पकड़ लिया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी की मोटरसाइकिल (संख्या वढ-56 अठ-7661) भी बरामद की गई थी। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने घटना की सूचना थाना भिटौली में दी, तो थानाध्यक्ष ने उसे धमकाते हुए कहा कि ट्रक को तुरंत हटाओ, अन्यथा चोरी के मुकदमे में तुम्हें ही जेल भेज दिया जाएगा। प्रमोदचंद का दावा है कि 3 नवम्बर को थानाध्यक्ष ने फोन कर उसे चोरों से 20 हजार रुपये लेकर समझौता करने को कहा, अन्यथा उसके खिलाफ ही कार्रवाई करने की धमकी दी। न्याय न मिलने से व्यथित पीड़ित अब पुलिस अधीक्षक महराजगंज के कार्यालय पहुँचा और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मामले की जांच सीओ सदर को सौंप दी है।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



अलविदा

जन्म : 12 जुलाई 1954 मृत्यु : 6 नवंबर 2025

# अभिनय ही नहीं, गायकी में भी सुलक्षणा पंडित ने किया कमाल

मुंबई। सिनेमा जगत की जानी-मानी हस्ती सुलक्षणा पंडित का गुरुवार को निधन हो गया है। वह 71 वर्ष की थीं। बताया जाता है कि वह काफी समय से बीमार थीं। सुलक्षणा पंडित ने फिल्मों में अभिनय करने के साथ गायकी में भी कमाल किया था। सुलक्षणा पंडित 70 और 80 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्री और गायिका थीं। उनका जन्म 12 जुलाई 1954 में छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में हुआ था। उन्होंने नौ साल की उम्र से ही गाना शुरू कर दिया था। सुलक्षणा ने 1967 में फिल्म के लिए पहली बार गाना गाया था। इसी दौरान उन्हें फिल्मों में एक्टिंग के लिए भी ऑफर मिलने लगे। 1975 में उन्होंने फिल्म 'उलझन' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

## बेहतरीन गायिका थीं

सुलक्षणा एक बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ एक बेहतरीन गायिका भी थीं। उन्होंने अपनी फिल्मों में कई गाने गाए, जो बहुत लोकप्रिय हुए। 1967 में फिल्म 'तकदीर' में लता मंगेशकर के साथ उनका गाना 'सात समंदर पार से' खूब पसंद किया गया। 1976 में फिल्म 'संकल्प' के गाने 'तू ही सागर तू ही किनारा' के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। उनके कई हिट गाने जैसे 'मौसम मौसम लवली मौसम' (थोड़ी सी बेवफाई) और 'बेकरार दिल' (दूर का राही) आज भी लोगों को पसंद हैं।

## पंडित जसराज के खानदान से थीं

बताते चलें कि सुलक्षणा पंडित का जन्म 1954 में हुआ था। वो एक संगीत-परिवार से ताल्लुक रखती थीं। सुलक्षणा के चाचा महान शास्त्रीय गायक पंडित जसराज थे। वहीं उनके भाई-बहनों की बात करें तो उनकी तीन बहनें और तीन भाई हैं। भाइयों में जतिन-ललित की जोड़ी म्यूजिक इंडस्ट्री की नामी जोड़ी रही है। वहीं बहन विजयता पंडित भी बॉलीवुड की बड़ी एक्ट्रेसेस में से एक रही हैं।

## पहली ही फिल्म में संजीव कुमार पर हार गईं दिल

सुलक्षणा पंडित 70 और 80 के दशक की जानी-मानी गायिका और हीरोइन थीं, बला की खूबसूरत, जिन पर हर कोई फिदा था। उनके तीखे नैन-नक्श, कातिल हंसी, जो भी देखता देखता ही रह जाता। लेकिन कौन जानता था कि इनकी जिंदगी और करियर प्यार के चक्कर में तबाह हो जाएगा? कौन जानता था कि हमेशा ही हंसती और खिलखिलाने वाली ये हीरोइन एक दिन खामोश होकर गुमनामी में खो जाएगी? खुद सुलक्षणा पंडित को भी इसका आभास नहीं होगा। सुलक्षणा ने 1975 में फिल्म 'उलझन' से डेब्यू किया था। फिल्म में उनके अपोजिट एक्टर संजीव कुमार थे। गंभीर स्वभाव के संजीव को देखते ही सुलक्षणा को उन पर प्यार आ गया। उस वक्त संजीव कुमार का दिल तो हेमा मालिनी पर आया हुआ था इसके बावजूद सुलक्षणा संजीव कुमार को चाहने लगीं।



## संजीव ने ठुकराया तो सुलक्षणा ने तोड़ा दुनिया से नाता

सुलक्षणा दिल ही दिल में संजीव कुमार को चाहने लगीं। मगर, संजीव कुमार ने हेमा मालिनी को शादी के लिए प्रपोज किया। ड्रीम गर्ल ने संजीव का प्रस्ताव ठुकरा दिया था, क्योंकि हेमा मालिनी धर्मेंद्र से प्यार करती थीं। हेमा के मना करने के बाद संजीव कुमार का दिल टूट चुका था। उनकी और सुलक्षणा की तब तक काफी अच्छी दोस्ती हो चुकी थी वो हर बात सुलक्षणा से शेयर करते रहते थे। संजीव कुमार जब हेमा मालिनी से अलग हो गए तो सुलक्षणा ने खुद ही अपने प्यार का इजहार संजीव कुमार से कर दिया, लेकिन होनी को तो शायद कुछ और ही मंजूर था। हेमा के मना करने के बाद उन्होंने सुलक्षणा को भी ठुकरा दिया। संजीव कुमार के ठुकराए जाने के बाद तो जैसे सुलक्षणा की जिंदगी ही उजड़ गई। उन्होंने फिल्में करनी छोड़ दीं और बाहरी दुनिया से नाता ही तोड़ लिया।

## सुलक्षणा की फिल्मे और गाने

एक्टिंग की बात करें तो उन्होंने 1970-80 के दशक में उन्होंने कई फिल्में कीं। साल 1975 में 'उलझन' आई जिसमें वो संजीव कुमार के साथ दिखीं। वहीं, जितेन्द्र के साथ 1976 में 'संकोच' और 'खानदान' (1979) जैसी फिल्में आईं। वहीं सुलक्षणा के गानों की बात करें तो 1971 में आई 'दूर का राही' फिल्म में बेकरार-ए-दिल तू गाए जा, 'चलते चलते' फिल्म में 'सपनों का रजा कोई', फिल्म 'संकोच' में 'बांधी रे काहे प्रीत' जैसे कई गाने उन्होंने गाए। हालांकि, वो भले अब इस दुनिया में सशरीर नहीं हों, लेकिन उनकी आवाज हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेगी।

## हॉलीवुड मसाला




# विद्युत को देखकर उड़ाया था मजाक

लॉस एंजिल्स। अभिनेता विद्युत जामवाल लोकप्रिय वीडियो गेम फ्रेंचाइजी 'स्ट्रीट फाइटर' के लाइव-एक्शन रीबूट के साथ हॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाले हैं। अभिनेता फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। हाल ही में एंड्रयू शुल्ज ने विद्युत के साथ हुई अपनी पहली मुलाकात को याद किया। इस मुलाकात को खास बताते हुए एंड्रयू ने कहा कि कैसे उन्हें पहले लगा कि विद्युत ने एक ड्रेस पहन रखी है और वे उन्हें इसके लिए चिढ़ाने लगे। यह महसूस नहीं कर पाए कि अभिनेता आमतौर पर ऐसे ही कपड़े पहनते हैं। मार्शल आर्ट को लेकर बात करते हुए अभिनेता कहा कि विद्युत ने मार्शल आर्ट को बढ़ावा दिया है।




# फातिमा ने मूर्ख कहने पर बीच में छोड़ी मिस यूनिवर्स की स्पर्धा

लॉस एंजिल्स। मिस यूनिवर्स 2025 की प्रतियोगिता 21 नवंबर को थाईलैंड में होने वाली है। इससे पहले ही इस प्रतियोगिता में विवाद शुरू हो गया है। 4 नवंबर को बैंकॉक में एक कार्यक्रम के दौरान, मिस मैक्सिको फातिमा बॉश को थाई प्रतियोगिता निदेशक नवात इत्सराग्रिसिल ने मूर्ख कहा। इसके बाद वह प्रतियोगिता से बाहर चली गईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इत्सराग्रिसिल ने एक शूट में मौजूद न रहने पर बॉश से पूछताछ की। इससे पहले कि फातिमा बॉश अपनी सफाई देतीं, थाई निदेशक ने बीच में ही टोक दिया और कहा, 'अगर आप अपने राष्ट्रीय निदेशक के आदेशों का पालन करती हैं, तो आप मूर्ख हैं।' इत्सराग्रिसिल का यह बयान फातिमा को पसंद नहीं आया और वह कई दूसरे प्रतियोगियों के साथ कार्यक्रम से बाहर चली गईं। यहां तक कि वर्तमान मिस यूनिवर्स विक्टोरिया केजर थेलविग ने भी मिस मैक्सिको का समर्थन किया और कार्यक्रम छोड़ने का फैसला लिया।



# बॉर्डर-2 से वरुण की तस्वीर वायरल

**मुंबई।** बॉर्डर 2 के मेकर्स ने फैंस को सरप्राइज दिया है। उन्होंने सनी देओल के बाद अब वरुण धवन का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर कर दिया है। ये सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये फिल्म अगले साल जनवरी महीने में रिलीज होने वाली है। ये 'बॉर्डर' फिल्म का सीक्वल है, जो 28 साल बाद रिलीज हो रहा है। 'बॉर्डर 2' फिल्म से वरुण धवन का फर्स्ट लुक रिवील कर दिया गया है, जो सोशल मीडिया पर देखते ही देखते वायरल हो गया है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म से सनी देओल का फर्स्ट लुक शेयर किया था। ये मूवी 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। 'बॉर्डर 2' फिल्म से अपने लुक को शेयर करते हुए वरुण धवन ने कैप्शन में लिखा, 'देश का सिपाही पीवीसी होशियार सिंह दहिया।' उनके इस पोस्ट पर खूब रिएक्शन आ रहे हैं।



# 120 बहादुर फिल्म में शौर्य की कहानी

**मुंबई।** फरहान अख्तर की मच अवेटेड वॉर-ड्रामा फिल्म '120 बहादुर' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। इससे पहले फिल्म का टीजर और गाने सामने आए थे, जिन्हें मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला था। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज से दो हफ्ते पहले ट्रेलर जारी किया है। ट्रेलर में जबरदस्त जंग और भारतीय सैनिकों के शौर्य की कहानी देखने को मिल रही है। ट्रेलर की शुरुआत अमिताभ बच्चन की आवाज में एक वॉइस ओवर से होती है। जिसमें वो बोलते हैं, 'कभी वो दिन थे जब भारत ने चीन को सिर्फ अपना पड़ोसी नहीं, बल्कि बड़ा भाई माना था। लेकिन, 1962 को पता चला कि ये भाईचारे की भावना दोनों तरफ से नहीं थी। ये हमला एक विश्वासघात था।' 2 मिनट 48 सेकंड के इस ट्रेलर में 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांग ला की लड़ाई को दिखाया गया है।

## टीवी मसाला



# अनुपमा ने मारी बाजी, क्योंकि सास भी कभी बहू थी दूसरे पायदान पर

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते की तरह इस बार भी टीवी की टीआरपी लिस्ट आ चुकी है और इस बार का परिणाम भी दर्शकों के बीच खूब चर्चा में है। 43वें हफ्ते की रिपोर्ट में साफ नजर आया कि स्टार प्लस के सीरियल्स ने एक बार फिर बाजी मार ली है। अनुपमा और क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 के बीच मुकाबला इतना नजदीकी रहा कि दोनों के फैंस सोशल मीडिया पर अपनी-अपनी पसंदीदा शो के लिए जंग छेड़े हुए हैं। रुपाली गांगुली स्टारर शो अनुपमा ने एक बार फिर दर्शकों के दिलों में अपनी जगह कायम रखी है। शो ने इस हफ्ते 2.1 की टीआरपी के साथ नंबर वन पोजीशन संभाली। बीते हफ्ते के मुकाबले इसमें हल्की गिरावट जरूर आई है, लेकिन कहानी में दिखाया जा रहा बदले का ट्रैक दर्शकों को बांधे हुए है। स्मृति ईरानी की वापसी के बाद यह शो एक बार फिर दर्शकों का पसंदीदा बन गया है। इस हफ्ते क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 ने 2.0 की टीआरपी हासिल की और सीधे दूसरे स्थान पर पहुंच गया। शो में तुलसी का किरदार फिर से दर्शकों के बीच चर्चा में है। पारिवारिक ड्रामा, इमोशन्स और पुराने अंदाज में ट्विस्ट भरे प्लॉट ने लोगों को जोड़े रखा है। स्टार प्लस का एक और शो उड़ने की आशा ने भी टीआरपी चार्ट में अपनी जगह मजबूत की है। इस शो ने इस हफ्ते 1.8 की रेटिंग पाई और तीसरे पायदान पर बना रहा। शो में एक मध्यमवर्गीय लड़की के सपनों की उड़ान को दिखाया गया है, जो मुश्किल हालातों में भी हिम्मत नहीं हारती। जी टीवी का शो तुम से तुम तक इस हफ्ते 1.8 टीआरपी के साथ चौथे स्थान पर रहा। इसकी कहानी दो परिवारों और प्रेम के बीच टकराव पर केंद्रित है। रोमांस और ड्रामा के सही मिश्रण ने दर्शकों को बांधे रखा है। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' हमेशा से दर्शकों के दिलों के करीब रहा है। इस बार शो ने 1.8 की टीआरपी के साथ टॉप 5 में जगह बनाई है।

## अब हिना ने की काजोल की एक्टिंग

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री हिना खान अपने फैंस को कुछ न कुछ करके हैरान कर देती हैं। उन्होंने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर करीना कपूर की फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के 'पू के किरदार की एक्टिंग की थी। जिसका वीडियो उनके फैंस को बेहद पसंद आया। वहीं आज हिना ने इसी फिल्म से काजोल के एक डायलॉग को दोहराया। जिसको सेलेब्स भी पसंद कर रहे हैं। हिना ने राजस्थानी लहंगा और शाही गहनों के साथ हल्का मेकअप लुक अपनाया। जिसे देख फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं। हिना ने फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में काजोल के मशहूर डायलॉग 'वो मेरी दुकान हडपना चाहता है' को मस्ती भरे अंदाज में पेश किया। उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, 'और रीलिंग जारी है...।' इस पोस्ट पर अभिनेता रोहित रॉय ने कमेंट किया, 'प्रिय, तुम्हारी चमक को कोई फीका नहीं कर सकता।'



# महाअवतार में भगवान परशुराम का किरदार निभाएंगे विक्की



**मुंबई।** छावा की सक्सेस के बाद विक्की कौशल अपने नए प्रोजेक्ट में लग गए हैं। उनकी नई फिल्म भी काफी बड़े पैमाने पर आने वाली है जिसके लिए उन्होंने अपनी डाइट से लेकर लाइफस्टाइल में कई बड़े बदलाव करने का फैसला लिया है। विक्की कौशल जल्द ही स्त्री 2 के डायरेक्टर अमर कौशिक के साथ विष्णु के चिरंजीवी परशुराम पर बनने वाली कहानी में काम करेंगे। इसका टाइटल 'महावतार' बताया जा रहा है। एक रिपोर्ट का दावा है कि इस फिल्म के लिए वह शराब-नॉनवेज तक छोड़ देंगे। विक्की कौशिल और अमर कौशिक ने 'महावतार' के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वह दर्शकों को एक शानदार कहानी और विजुअल के साथ ग्रैंड एक्सीपीरियंस देना चाहते हैं। एक्टर ने तो 'महावतार' के लिए नॉनवेज छोड़ने का भी फैसला लिया है। अगले साल पूजा मुहूर्त के बाद फिल्म पर काम शुरू होगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि 'महावतार' अगले साल अंत तक फ्लोर पर आएगी। उम्मीद की जा रही है कि 2028 तक फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो। बता दें विक्की कौशल इस वक्त रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर पर काम कर रहे हैं। ये फिल्म अगले साल आएगी।

*संजीव कुमार ने कई फिल्मों में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता। कुछ किरदार तो ऐसे निभाए जो वक्त के साथ रहते लोगों के दिलों में अमर हो गए, जिनमें फिल्म 'शोले' के ठाकुर का रोल हो या फिर फिल्म 'आंधी' के जेके का किरदार। उनकी फिल्में आज भी दर्शकों के दिलों में जिंदा हैं।*

# फिल्म के सेट पर घंटों अपने किरदार में डूबे रहते थे संजीव कुमार



**मुंबई।** संजीव कुमार, जिनका असली नाम हरिहर जेठालाल जरीवाला था। उनका जन्म 9 जुलाई 1938 को सूरत, गुजरात में हुआ था। उन्होंने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत थिएटर से की और बाद में हिंदी सिनेमा में कदम रखा।

***संजीव कुमार का कॅरियर :*** संजीव कुमार ने 1960 में फिल्म 'हम हिंदुस्तानी' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। उनकी बहुमुखी प्रतिभा ने उन्हें हर तरह के किरदार निभाने में माहिर बनाया। वह कॉमेडी, ड्रामा और गंभीर किरदारों को बखूबी निभाते थे। उन्होंने 1975 में फिल्म 'शोले' में ठाकुर के किरदार से हर किसी के दिलों में खास जगह बनाई, जिसे दर्शक आज भी देखना पसंद करते हैं। फिल्म 'आंधी' में उनका संजीदा अभिनय दर्शकों को खूब पसंद आया। तो वहीं कॉमेडी फिल्म 'अंगूर' में उनके डबल रोल की तारीफ आज भी होती है। इसके अलावा फिल्म 'नमकीन' और 'कोशिश' में उनके भावनात्मक अभिनय ने सबका दिल जीता। उन्होंने अपने कॅरियर में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और कई पुरस्कार जीते, जिसमें दो राष्ट्रीय पुरस्कार शामिल हैं।

***फिल्म के सेट के रोचक किस्से :*** संजीव कुमार सेट पर अपनी सादगी और मेहनत के लिए जाने जाते थे। 'शोले' का किस्सा, जब फिल्म में ठाकुर का किरदार निभाने के लिए उन्होंने अपने किरदार को इतना गहराई से समझा कि सेट पर वह घंटों किरदार में डूबे रहते। 'अंगूर' की शूटिंग के दौरान वह और उनके सह-कलाकार उत्पल दत्त सेट पर मजाकिया माहौल बनाए रखते थे, जिससे सीन और भी मजेदार बन गए। वह अक्सर सेट पर अपने सह-कलाकारों के साथ स्क्रिप्ट पर चर्चा करते और सुझाव देते, जिससे सीन को और बेहतर बनाया जाता।

# सिनेमाघरों में इमरान और यामी की अदाकारी वाली 'हक' आज होगी रिलीज

# असल जिंदगी के केस पर आधारित हैं ये फिल्में; दिखीं कानूनी पेचीदगियां

**नई दिल्ली।** इमरान हाशमी और यामी गौतम की अदाकारी वाली फिल्म 'हक' सात नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म शाह बानो केस पर आधारित है। इस केस ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के भरण-पोषण के अधिकार को लेकर बहस छेड़ दी थी। इस खबर में हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताएंगे जो असल जिंदगी के केस पर आधारित हैं।

**जॉली एलएलबी (2013) :** फिल्म जॉली एलएलबी साल 1999 में हुए बीएमडब्ल्यू हिट-एंड रन मामले से प्रेरित थी। संजीव नंदा नाम के कारोबारी पर आरोप था कि उन्होंने 6 लोगों पर गाड़ी चढ़ा दी थी। फिल्म में अरशद वारसी ने एक वकील की दमदार भूमिका निभाई थी। इसमें दिखाया गया था कि कैसे गरीब लोग कानूनी सिस्टम में उलझ जाते हैं।

**नो वन किल्ड जेसिका (2011) :** यह फिल्म 1999 के जेसिका लाल मर्डर केस पर आधारित थी। इसमें एक पॉलिटिशियन का बेटा एक मॉडल और बार टेंडर का इसलिए कत्ल कर देता है कि उसे उसने ड्रिंक नहीं दी। फिल्म में जेसिका को न्याय दिलाने का संघर्ष दिखाया गया था। इसमें विद्या बालन और रानी मुखर्जी ने अहम किरदार निभाया था।

**रुस्तम (2016) :** केएम नानावटी केस साल 1959



का एक चर्चित केस था। इसमें नौसेना अधिकारी रुस्तम पावरी पर अपनी पत्नी के प्रेमी की हत्या का आरोप था। यह फिल्म इसी केस पर आधारित थी। इसमें अक्षय कुमार ने अभिनय किया था। फिल्म में रोमांचक कोर्टरूम ड्रामा दिखाया गया है।

**सेक्शन 375 (2019) :** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म 'सेक्शन 375' बॉलीवुड के एक कलाकार के केस (2009) पर आधारित थी। यह फिल्म भारत में दुष्कर्म कानून की जटिलताओं को दिखाती है। इसमें दिखाया गया था कि एक निर्देशक पर अपनी असिस्टेंट के साथ दुष्कर्म करने का आरोप था। फिल्म में अक्षय खन्ना और ऋचा चड्ढा ने वकील की भूमिका निभाई थी। दोनों कोर्टरूम में बेहतरीन तरीके से अपने पक्ष को रखते हैं।

**शाहिद (2012) :** यह फिल्म असल जिंदगी के केस पर आधारित थी। दरअस शाहिद आजमी नाम के एक वकील थे जो आतंकवाद के झूठे केस में फंसाए गए लोगों का केस लड़ते थे। यह फिल्म उनकी जिंदगी पर आधारित थी। इसमें शाहिद का किरदार राजकुमार राव ने निभाया था। फिल्म कानून व्यवस्था में गड़बड़ियों से पर्दा उठाती है।

**तलवार (2015) :** मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी यह फिल्म साल 2008 के नोएडा डबल मर्डर केस पर आधारित थी। नोएडा में 14 साल की आरुषि तलवार और उनके हेल्पर हेमराज को मृत पाया गया था। फिल्म में पुलिस की लापरवाही और गलत जांच प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया था। इसमें इरफान खान ने दमदार भूमिका निभाई थी।

## महिला स्ट्रोक का चुनाव

आज बिहार में प्रथम चरण का मतदान है। विधानसभा की कुल 243 में से 121 सीटों पर जनता अपना जनादेश देगी। अगले चरण का मतदान 11 नवंबर को है और 14 नवंबर को जनादेश अंतिम रूप से सार्वजनिक कर दिया जाएगा। चुनाव में अभी तक जो गौरतलब रहा है, वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की शख्सियत है। बीते 20 सालों से वह बिहार के मुख्यमंत्री हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई रुझान नहीं है, लहर तो बहुत दूर की कौड़ी है। विपक्षी उनकी उम्र, स्वास्थ्य, मनःस्थिति और सेवानिवृत्ति की बातें तो करते रहे हैं

## नई नजर में पुलिस

हिमाचल में पुलिस विभाग की नजर में नया सुरमा डाला जा रहा है और यह भी कि कानून व्यवस्था की मिट्टी को अब माटी के ही कई लाल देखेंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार का यहां एक बड़ा स्थानांतरण अभियान ही नहीं, पैगाम भी है और इसी के तहत 77 पुलिस अधिकारी, नए अवतरण में कानून व्यवस्था देखेंगे। पुलिस के जिलों में छह एचपीएस अधिकारियों की कमान में चलने का एक खास संदेश भी है और यह भी कि भूमिपुत्रों को चिन्हित कार्यों के अलावा भी कुछ श्रेष्ठ कार्य करने का अवसर दिया जा रहा है। वर्दी के भीतर हिमाचली जज्बात की ऐसी परख पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने भी की थी, जब कुछ जिलों का प्रशासन धरती पुत्रों को सौंपा गया था। ऐसे में अगली उम्मीद में कुछ हिमाचली अधिकारियों को जिला प्रशासन के मंसूबों से जोडकर मिलेगी। जहां धरती के काम तीव्रता से करने हों, वहां हिमाचली दिन और रात एक करने का अर्थ प्रदेश के चुनिंदा अधिकारियों में मिला है।